[Mr. Speaker]

The question is:

"That at the end of the motion, the following be added, namely:—

'subject to the modification that paragraph 3 of the said report be omitted'."

*The motion was negatived.*

**Mr. Speaker:** Now I put the motion that the report as submitted by the Business Advisory Committee be approved by this House.

The question is:

"That this House agrees with the Fiftieth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 2nd November, 1960."

*The motion was adopted.*

---

**13.54 hrs.**

## MOTION OF NO-CONFIDENCE IN THE COUNCIL OF MINISTERS —*contd.*

**Mr. Speaker:** Mr. Sheo Narain to continue his speech.

---

**श्री शिव नारायण** (बांसी) : अध्यक्ष महोदय, मैं आप का बड़ा अनुगृहीत हूं कि आपने एक ऐसा विषय इस हाउस में उपस्थित किया कि सारा आपोजीशन साफ हो गया, वे सब उठकर चले गये हैं। उनमें दम नहीं है कि वे अपनी आलोचनाओं का उत्तर सुनें। लेकिन वे लावीज से सुनेंगे।

**13.55 hrs.**

[THE DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

नौ महीनों में तीन तीन बार नो-कान्फिडेंस मोशन पेश करके आपोजीशन पार्टीज इस का मखौल उड़ा रही है। इस नो-कान्फ़िडेंस मोशन की कोई कीमत नहीं है। वह वेस्ट-पेपर बास्केट में फैंकने लायक है।

हमारे देश में जो विद्यार्थी आन्दोलन आज चल रहा है, उस के बारे में मैं गवर्नमेंट से कहना चाहता हूं कि विद्यार्थी हमारे देश के भावी नागरिक हैं और हमें उन को इल-ट्रीट नहीं करना चाहिए। पुलिस को यूनिवर्सिटी कम्पाउंड में नहीं जाना चाहिये, हमारे यहां जो यह पुरानी परिपाटी चली आ रही है, उस को कायम रखा जाना चाहिए। मैं श्री चागला की इस बात का समर्थन करता हूं कि गगर्नमेंट को विद्यार्थियों की डिमांड्ज पर विचार करना चाहिए।

मैं आपोजीशन को बताना चाहता हूं, जो कि पीठ दिखा कर भाग गए हैं, कि हम कांग्रेस वालों में उन से ज्यादा साहस है। हम अपने देश की मुसीबतों और सुख-दुख को सुन सकते हैं और गवर्नमेंट को कह सकते हैं। हमारे बीच में ऐसे लोग हैं, जिन्होंने देश के लिए कुर्बानी की है। हमारे बीच में वे वयोवृद्ध नेता हैं, जिन्होंने यह नारा लगाया था, "ग़रीबों को मिले रोटी, तो मेरी जान सस्ती है"। यह पालियामेंट उस की गवाह है। यहां पर भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव ने बम फेंका था। यह उन के त्याग और बलिदान का प्रतिफल है कि आज कांग्रेस इस देश में पनप रही है, फल-फूल रही है।

हमारे विरोधी दल आज चीप पापुलरिटी गैन करना चाहते हैं और नन्हें विद्यार्थियों को उकसा रहे हैं। मैं डा० लोहिया, श्री एच० एन० मुकर्जी और श्रीमती रेणु चक्रवर्ती से कहना चाहता हूं कि वे इस देश के भावी नागरिकों के साथ खिलवाड़ न करें। जहां तक डा० लोहिया का सम्बन्ध है, उन को शिकायत है कि हम पिछड़ गए, हमारी बस छूट गई, कामत साहब पिछड़ गए, उन के साथी आज मिनिस्टर हैं। वास्तव में खलबली और झुंझलाहट तो इस बात की है।

मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि वह विद्यार्थियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक

विचार करें। सरकार को उन की आर्थिक सहायता करनी चाहिए। मैं एक हरिजन मेम्बर हूं। मैं डनंटली कहना चाहता हूं कि हमारे बच्चों पर जुमले कसे जाते हैं कि हरिजनों को सब फ़ीस माफ है। मैं प्लानिंग मिनिस्टर से यह अपील करना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के एक एक बच्चे की फ़ीस यूनिवर्सिटी तक माफ़ कर दी जाए। अगर वह ऐसा करेंगे तो वह एक अच्छी एग्जाम्पल सैट करेंगे और उनका काम अमर हो जायेगा। वह ऐसा प्लान बनायें कि देश का हर एक बच्चा एजुकेशन हासिल कर सके।

मेरे मित्र, श्री बनर्जी, जब भी बोलते हैं, तब वह श्री रामरत्न गुप्ता और श्री सी० बी० गुप्ता का जिक्र करते हैं। हर बात में उनको वही दिखाई देते हैं। कानपुर में क्या स्थिति है, यह मैं जानता हूं। मैं डीटेल्ज में नहीं जाना चाहता हूं। आज सी० बी० गुप्ता यू० पी० का चीफ़ मिनिस्टर नहीं है। वह कांग्रेस का एक तपा-तपाया सिपाही है, कांग्रेस का नेता है, बेचेलर है, बाल-ब्रह्मचारी है। उस ने 43 लाख रुपया जमा किया है। आज हिन्दुस्तान का कौन सा लीडर है, जो बिना मिनिस्टर रहते हुए इतनी कलेक्शन कर सकता है? कल श्री बनर्जी ने यू० पी० का बार-बार जिक्र किया। हमारे उत्तर प्रदेश पर सब की नजर है। लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि आज आन्ध्र में क्या हो रहा है, पंजाब में क्या हुआ, मैसूर और महाराष्ट्र में क्या हो रहा है। ये सब "विनाशकाले विपरीत बुद्धि" की बातें हैं।

मैं एक टीचर होने के नाते यह एडवाइज करना चाहता हूं कि आज हम सबको एकता के सूत्र में बंधने की कोशिश करनी चाहिए। आज कांग्रेस में ऐसे मेम्बर हैं, जो गवर्नमेंट की क्रिटीसिज्म कर रहे हैं। यू० पी० गवर्नमेंट पांच एकड़ तक के ग़रीब किसानों से जो सालाना लगान लेती है, वह एक करोड़ भी नहीं होता है। मैं गवर्नमेंट को कहना चाहता हूं कि उस को माफ़ कर दिया जाये।

कल यहां पर अमींचन्द प्यारेलाल का जिक्र किया गया। मैं आपोजीशन को कहना चाहता हूं कि इस कांग्रेस गवर्नमेंट का ही साहस है कि उस ने पब्लिक एकाउंट्स कमेटी और एस्टीमेट्स कमेटी को एपायंट किया है। हम मिनिस्टरों को भी एग्जामिन करते हैं। फूड मिनिस्टर पब्लिक एकाउंट्स कमेटी में हमारे सामने आए, लेकिन हम ने उन के साथ कोई रियायत नहीं की। जहां तक हम से हो सका, हम ने उनको एग्जामिन किया, उन से सवाल पूछे, चैक किया और इस बात का पता लगाने की कोशिश की कि गवर्नमेंट की मशीनरी किस तरह से ठीक चल सकती है।

मैं ने 15 अगस्त को फिनांस मिनिस्टर को कहा था कि वह पंद्रह बीस हजार में एक ट्यूबवैल बनवाते हैं, लेकिन वह एक नाली बनाने के लिए दो हजार रुपये खर्च नहीं करते हैं। अगर पक्की नालियां बन जायें, तो हमारे खेतों में पानी पहुंच जाये। वह हमारे खेतों तक पानी पहुंचाने का इन्तजाम करें।

कल श्रीमती कमला चौधरी ने बहुत ठीक कहा कि विरोधी दलों को सौतिया डाह है और वे सौतिया डाह में मरे जा रहे हैं। लेकिन यह बहुत छोटी बात है और मैं उस में ज्यादा नहीं जाना चाहता हूं।

माननीय, हम पूर्वी जिले के उस इलाके को रिप्रेजेन्ट करते हैं जहां आज भुखमरी है, जहां आज सूखा है। मैं फूड मिनिस्टर का, फाइनेंस मिनिस्टर का और प्लानिंग मिनिस्टर का दोनों का अनुगृहीत हूं क्योंकि दो बार हम मिले 30 तारीख को और 13 तारीख को हमारा डेपुटेशन मिला, हम और विश्वनाथ राय मिले, ठीक से बात की और अपने आदमी को भेजा। 4 तारीख को फूड मिनिस्टर वहां जा रहे हैं उत्तर प्रदेश को देखने। फाइनेंस मिनिस्टर देख कर आये हैं। उन्होंने अश्योरेंस दिया है कि जितना मांगेंगे देंगे, उसको यूटिलाइज करो। हम सैन्ट्रल गवर्नमेंट के अनुगृहीत हैं।

[श्री शिव नारायण]

हम एहसान फरामोश नहीं हैं कि जिस पत्तल में खायें उसी में छेद करें। वह एस० एम० बनर्जी साहब को मुबारक हो, हमें नहीं।

मान्यवर, रेणु चक्रवर्ती ने कल बड़ा ललकारा, हम कम्युनिस्ट नेता है। मैं कहता हूं हम देशद्रोही नहीं हैं। हमने इस देश के ऊपर चीनियों को आक्रमण करने के लिए नहीं निमन्त्रित किया। अगर किसी ने निमंत्रित किया तो यह आपोजीशन के टाप कम्यूनिस्ट्स ने किया। यह है देशद्रोही। हम नहीं हैं। हम शासन चला रहे हैं। हम में कमियां हैं। मैं रेणु जी से पूछता हूं कि जब बंगाल में बंगाल बन्ध चलाया तो उसमें क्या किया? आपने कोई गल्ले की दुकान नहीं लुटवायी। रेल की पटरियों को उखड़वा दिया जिस से फूड मिनिस्टर सुब्रह्मण्यम साहब का गेहूं पहुंचने न पाये ताकि पार्लियामेंट में बैठकर उन को गालियां दे सकें। यह नक्शा है कम्यूनिस्ट पार्टी का। हजारों आदमियों को मरवा देते हैं। यह पब्लिक फैसला करेगी। अभी फरवरी में हम और आप चुनाव के मैदान में उतरेंगे। वहां जनता फैसला करेगी। जनता आप को समझ गई है कि आप कहां पर हैं। गाय की पूंछ पकड़कर यह जनसंघ पार्टी और स्वतंत्र पार्टी वाले पार उतरना चाहते हैं। गोवध कानून हमने पास किया उत्तर प्रदेश असेम्बली में बैठकर। जब गोवध विधेयक चल रहा था हमारे असेम्बली में तो लखनऊ में एक पंजाबी ने गाय को डंडा मारा। मैं ने झपटकर कन्धा कपड़ा और कहा कि वहां पर तो सत्याग्रह करते हो गोवध बन्द करने के लिए और यहां गाय को डंडा मारते हो। यह लोग सब से बड़ा अन्याय गाय के साथ कर रहे हैं जो गोवध का नारा लगा रहे हैं। हमारी सरकार ने गोवध बन्द किया। उत्तर प्रदेश की सरकार ने बन्द किया। मैं उस हाउस का मेम्बर था। पंडित गोविंद वल्लभ पंत हमारे चीफ मिनिस्टर थे। मुझे वह भी दिन देखने को मिला है। हमने इस के ऊपर गौर किया और कानून पास किया। हम इनसे कम हिन्दू नहीं हैं। इन से कम देशहित हमारे अन्दर नहीं है। हम उन की औलाद हैं जिन्होंने रावण के भाई विभीषण को शरण दी थी। हम उसी राम राज्य की लाइन पर चल रहे हैं जिसकी कल्पना गान्धी जी ने की थी। नौ महीने के अन्दर नई-नई प्राइम मिनिस्टर आयीं। उन प्राइम मिनिस्टर को लोहिया साहब और राजनारायण जी जो चाहे कह लें। मैं एक प्याली चाय पी आऊं तो आप कहेंगे कल कि हमने चाय पिला दी। यह नक्शे हैं। यह इनका कान्डक्ट है। भारतीय संस्कृति का दम भरते हैं।

आज कहते हैं कि स्त्रियों पर लाठी चार्ज हो रहा है। यह पांच वर्ष तक क्या कर रहे थे? सन् 62 में जब नेहरू जी की गवर्नमेंट बनी थी, उस दिन नेहरूजी से कहना चाहिए था कि गोवध बिल्कुल बन्द कर दिया जाय। इनके नेता लोग मर गए थे उस वक्त? क्यों नहीं जवाहर लाल नेहरू से कहा? यह मैं हूं जो पार्टी में खड़े होकर नेहरूजी से मैं ने कहा था कि पंडित जी, अपनी जिन्दगी में बैंक नेशनलाइज करते जाओ। आज भी कहता हूं। प्रजेन्ट प्राइम मिनिस्टर से कहता हूं। वह भी उन्हीं की बेटी है। उन्हीं का खून है। वह भी नेहरू हैं। नेहरू को रिप्लेस किया, ठीक किया। उन से बढ़कर किसका स्लेट क्लीन है इस देश के अन्दर? उनसे बड़ा कौन त्यागी और बलिदानी इस देश के अन्दर है? गायत्री देवी यहां बैठी थीं, जब वह नेफा गई थीं तब चीन ने हमला किया तब मैं ने ही ललकारा था इस हाउस में, भाग गए हैं। जनता तुम्हारा फैसला करेगी। देखेगी तुमको। मान्यवर, इस देश की जिम्मेदारी हम ने ओढ़ी है। मैं प्लानिंग मिनिस्टर से पुरजोर अपील करता हूं कि आप इनको नंगई से घबड़ाइए नहीं। जनता आपके साथ है। **आइ ऐम कमिंग फ्राम माइ कांस्टीट्युएंसी**

31 तारीख को मैं कांस्टीट्यएंसी में घूम रहा था, मैं वेरिफिकेशन कर रहा था, एक-एक से पूछ रहा था कि फलां कैंडीडट को, यहां खड़ा कर दूं, क्या ग्रोपीनियन तुम्हारी है ? उन्होंने कहा मास्टर साहब, हम इन को नहीं पसन्द करते हैं । जनता ने कहा हम ग्रापके साथ हैं । मैं ग्रापको विश्वास दिलाता हूं, ग्राप विश्वास रखें ग्राज जनता ग्रापके साथ है। लेकिन ग्राप को भी जनता के साथ बैंठना चाहिए । ग्रभी एक मित्र ने कहा, वह चले गए, मैं उनसे बात कर रहा था, उन्होंने नहीं सुना , मैं ने कहा, नहीं सुनते हैं तो जाइए । मैं कहना चाहता हूं कि ग्राप सचेत रहिए । यह जो ग्रापके पीछ फौज बैठी है यह काई चौराहे के सिपाही नहीं है । यह कांग्रेस के तपे तपाये सिपाही हैं । ग्रापके साथ बैटिल में मार्च किया है । बाबू रघुनाथ सिंह उस काशी की तपोभूमि से ग्रा रहे हैं जो शंकर के त्रिशूल पर टंगी हुई है । वह हमारे नेता बैठे हुए हैं । काई कच्चे खिलाड़ी नहीं हैं । हमारे उत्तर प्रदेश का कांग्रेस प्रसीडेंट भी हमारा नेता है । ग्राज सारा हिन्दुस्तान देखता है कि उत्तर प्रदेश में यह हो जायगा, वह हो जायगा । पर उत्तर प्रदेश एक सूत्र में रहेगा ग्रौर 85 के 85 यहां ग्रायेंगे । हम ग्रापको विश्वास दिलाते हैं । हम ज्यादा उदार हैं । हमने बाहर के लोगों को चीफ मिनिस्टर बनाया , कमिश्नर बनाया, कलेक्टर बनाया । जिसको एग्जाम्पिल सीखना हो मुझसे सीखे ग्राकर । नमूना हम देते हैं । रेणु जी बड़ा ब्लफ मारती हैं, बड़ा दम मारती हैं इस हाउस में बैठकर । इससे काम न चलेगा ? कहता बहुता मिले, गहता मिले न कोय । उस को ग्रहण करना चाहिए सही सलाह दो क्योंकि तुम उधर बैठते हो, तुम्हारा एग्जाम्पल हम से ग्रच्छा होना चाहिए । **बिकाज यू ग्रार गोइंग टु रिप्लेस दिस गवर्नमेन्ट टमारो** । ग्रौर जिस गवर्नमेंट का ग्रापोजीशन वीक हो....... (**व्यवधान**) उसूल तो यही है ग्रापोजीशन का But they are totally unfit. They are divided. They are joining hands today.

जनसंघ सोशलिस्ट पार्टी कम्युनिस्ट लेफ्टिस्ट राइटिस्ट । हम से कहते हैं कि कांग्रेस वाले बड़ा झगड़ा करते हैं । बिल्कुल ठीक । ग्रौर तुम हमारी नकल करते हो ? हमारे पास तो राजसत्ता है, हम लोगों में पटकापटकी होती है, मैं कहता हूं कि मैं मिनिस्टर हो जाऊं, रघुनाथ सिंह कहते हैं मैं हो जाऊं । हम लोग तो इस में हैं । तुम पर क्या है जो तुम लड़े जा रहे हो ? मैं पूछना चाहता हूं हीरेन्द्र मुखर्जी साहब से , उन्होंने कल कहा हुक्वर्म्स हैं यह, तो मैं ने प्वाइंट ग्राफ ग्रार्डर रेज किया कि जो इतना बड़ा काबिल हो, ग्रपने को प्रोफसर कहता हो , वह ग्रपने साथियों का हुकवर्म्स कहे तो वह क्या है ? जनता कहती है कांग्रेस वाले बेईमान हैं, चोर हैं सब कुछ हैं लेकिन ग्रौरों से ग्रच्छे हैं । तो उन को नाबदान का कीड़ा बताते हैं । वह नाबदान के कीड़ों से भी बदतर ह । यही पब्लिक कहती है ग्रौर कौन पब्लिक कहती है ? एम० ए० पास से लेकर घुरहू निरहू तक, ऊपर से नीचे तक । दिस इज दि क्लूजन ग्राफ दि पब्लिक । यह जनता ग्राज भारत की कहती है हमारे सीने के ऊपर चीन ने पंजा जमा रखा है एक तरफ से ग्रौर. एक तरफ से पाकिस्तान ने जमा रखा है ग्रौर यह बैठे हुए देश के ग्रन्दर मखौल कर रहे हैं । हमारे ग्रागे की जनरेशन के साथ इन्होंने मखौल किया । हमारे बच्चों को बिगाड़ने की नीति इनकी है । यह याद रखो, वही बच्चे इन को ठीक करेंगे । यह हमारे भावी नागरिक इस देश के रक्षक हैं । मान्यवर, 22 वर्ष के बच्चों ने सीमा पर जाकर मुल्क की रक्षा का चार्ज ले लिया । ग्रमेरिका के बड़े बड़े जेट्स को हमारे छोटे-छोटे नेट्स ने मार गिराया ग्रौर देश के सम्मान को ऊंचा किया । मैं उन का ग्रादर करता हूं, स्वागत करता हूं । ग्रौर मैं उन विद्यार्थियों का या उन गुरुजनों को, पुलिस की लापरवाही से जिनको गोली लगी, या डंडे से जो बच्चे मर गए हैं मैं उन के प्रति श्रद्धांजलि ग्रर्पित करता हूं । यह ग्रपोजीशन वालों को कहना चाहिए था ।

[श्री शिव नारायण]

लेकिन उन्होंने एक लब्ज नहीं कहा कि वह उन के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं । मैं कांग्रेस पार्टी का मेम्बर हूं, मैं कहता हूं । कांग्रेस वाले जिम्मेदार हैं, उनकी ड्यूटी है कि देखें कि देश में डिसिप्लिन कायम रहे । हमारे कांस्टेबिल लोग दिल्ली वाले स्ट्राइक पर हैं, स्ट्राइक करने वाले हैं । मैं ने परसों उन से बात की । . मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि 75 रुपया तनख्वाह बहुत कम है । या तो उनके खाने , कपड़े, रहने की व्यवस्था कर दीजिए, मकान दीजिए और एक पैसा न दीजिए ।.....(व्यवधान).....हां, थोड़ा बहुत दो न ? 75 के बजाय 150 कर दो, क्या हर्ज है ?

आप उनकी तनख्वाह 75 से 150 रु० कर दीजिये, यह करना बहुत जरूरी है, उन की यह जायज मांग है । हमारे प्लानिंग मिनिस्टर सोशलिस्ट हैं, समाजवादी नेता रहे हैं, उनकी यह ड्यूटी है कि आमदनी में इतने बड़े फर्क को समाप्त कर के जांय, तनख्वाहों में 1 और 10 की रेशो कर दें, इस से मुल्क में उनकी जय-जयकार हो जायगी, हमारा देश उनकी पूजा करेगा, जैसे आज नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री का नाम लिया जाता है । आज मैं अपने पुराने नेता शास्त्री जी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, मैं उनका चेला रहा हूं, उनका वर्कर रहा हूं, परमात्मा उनकी आत्मा को शान्त रखे और वे देश को अपना आशीर्वाद दें, देश फले फूलें, ऊंचा उठे । मैं चाहता हूं कि हमारे बच्चे बिगड़ न जांय, गवर्नमेन्ट उन को पूरी मदद दे, उन की फीसें माफ करें ।

मास्टर लोग आज काला बिल्ला बांधे फिरते हैं, मैं उन से प्रार्थना करूंगा वे उसको उतार दें, सरकार उनकी दिक्कतों को जरूर सुनेगी, और उनको हल करने का प्रयत्न करेगी । हिन्दुस्तान में एजूकेशन को नेशनलाइज कर देना चाहिये । इस में सरकार को विशेष खर्चा नहीं करना पड़ेगा, जितनी ग्रान्ट वह देती है, उस में काम चल सकता है, आज ये इंस्टीचयन्ज विजनेस सेंटर्स बन गये हैं, मैं खुद इस का भुक्तभोगी हूं और जानता हूं कि वहां पर आज क्या हालत है । एक एन्ट्रेन्स पास सैक्रेटरी एम०ए० पास को डांटता है, यह नामुमकिन है, ऐसा नहीं होना चाहिये । अगर सरकार इस को नेशनलाइज कर के अपने हाथ में ले ले, तो इस से देश में डिसिप्लिन बना रहेगा और असन्तोष समाप्त हो जायगा ।

इन शब्दों के साथ मैं सरकार से कहता हूं कि इस डिवाइड एण्ड रूल की पालिसी पर आप अमल करने की कोशिश न करें, आप इस देश में समाजवादी व्यवस्था ला दीजिये, एक और दस का रेशो कर दीजिये, देश जय जयकार बोल उठेगा । कांग्रेस गवर्नमेन्ट फिर आयेगी, मैं डंके की चोट कहता हूं कि फिर आयेगी । यह भगोड़ों के बस का काम नहीं है, ये गवर्नमेन्ट नहीं चला सकते हैं । मैं इस नो-कान्फीडेन्स मोशन का कन्डेमनेशन करता हूं, जो भाग गये हैं अपने रेजोल्यूशन को छोड़ कर, जिन्होंने इस को शुरू किया था, श्री त्रिवेदी जी यहां से चले गये हैं, यह बिलकुल कन्डेमनेबल है, यहां अपोजीशन नहीं है, मैं चाहता हूं कि अभी इस का कलोजर हो जाये, खत्म हो जाये, देखते हुए रह जायेंगे । जब कोई उधर से बोलनेवाला नहीं है, और हम नहीं बोलेंगे तो अपने आप साफ हो जायेगा और मिनिस्टर साहब जवाब दे कर छुट्टी पा जायेंगे ।

आपकी इजजात से मैं अपनी गवर्नमेन्ट को सूचित करना चाहता हूं कि गरीबों की आप परवाह करें, गावों में किसानों को पानी पहुंचायें, बीज पहुंचायें । मैं अपने

अफसरों से भी कहता हूं कि यह देश तुम्हारा है, किसी चीनी या अंग्रेज का नहीं है, रूसी का नहीं है, अमरीकन का नहीं है, मैं अपील करना चाहता हूं, भगवान के लिये, गौड-सेक के लिये, गांधी जी ने कहा था— Seeker of truth should be humbler than the dust. मैं स्वयं विदेशी माल का, पी० एल० 480 का विरोध करता हूं और देश के लोगों से कहना चाहता हूं कि दो जून भूखे रह कर इस प्रावलम को सौल्व करें। हम चाहते हैं कि सरकार सहयोग करे, अधिकारी वर्ग सहयोग करें, हर बड़ा छोटा सरकार चलाने में, देश की रक्षा चीन और पाकिस्तान से करने में सहयोग करें।

इन शब्दों के साथ में इस प्रस्ताव का कन्डेमनेशन करता हूं।

**श्री राम सहाय पाण्डेय** (गुना) : उपाध्यक्ष जी, मुझे अविश्वास के प्रस्ताव पर बोलने का आपने आदेश दिया और मैं असंगत देखता हूं कि इस सदन में प्रस्ताव उपस्थित करने वाला दल यहां उपस्थित नहीं है।

**श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा** : साबित हो गया कि कान्फीडेंस है सरकार में।

**श्री राम सहाय पाण्डेय** : यद्यपि वैधानिक दृष्टि से देखें तो यह प्रक्रिया, अविश्वास की प्रक्रिया, विरोधी दल को प्राप्त है। लेकिन उसके साथ यदि विवेक की दृष्टि से देखें तो यह सत्य है कि उस अविश्वास में जन-मानस का समर्थन होना चाहिये, परिस्थितियों को सिंहावलोकन होना चाहिये और इस प्रक्रिया का दुरुपयोग नहीं होना चाहिये,। हम जानते हैं वे भायूस हैं, फ्रस्ट्रेटेड हैं, लेकिन सदन में इस प्रकार का, हर सदन के आरम्भ में अविश्वास प्रस्ताव को उपस्थित करना, अनर्गल बातें कहना, सत्य से दूर जाकर असत्य बातें कहना, असत्य बातों का प्रचार करना और जब बहस हो रही हो, उस समय सदन का परित्याग करना, यह बड़ा अनुचित है और उस प्रक्रिया का अपमान है जिस प्रक्रिया के माध्यम से वे उस प्रताव को उपस्थित करते हैं।

श्रीमन् मैं अविश्वास प्रस्ताव पर अपने विचार प्रकट करने से पहले यह निवेदन करूंगा कि यहां पर देश भर से चुने हुए प्रतिनिधि उपस्थित होते हैं। दर्शक दीर्घा में बैठे हुए देश के अनेक भागों से आये हुए लोग उपस्थित होते हैं, वे उत्कट उत्साह से देखते हैं कि इस सदन में बैठ कर हमारे प्रतिनिधि किस प्रकार से देश का निर्णय करते हैं। क्या अवस्था उस जन-मनामनस की होती होगी, जब वे देखते होंगे कि न सदन में अध्यक्ष की प्रतिष्ठा होती है, न सम्मान होता है, न आदर होता है और न उसकी आज्ञा का पालन होता है। मेरे घर में ठहरे हुए मेरे साथी कार्यकर्ता परसों यहां आये और उन्होंने कहा कि हमारी सामान्य मण्डी कमेटियां और छोटी छोटी नगर-पालिकाओं में भी इस प्रकार की अनुशासनहीनता का प्रदर्शन नहीं होता है, जैसा यहां होता है। यह सर्वोच्च सदन है, यहां कोई किसी की बात नहीं मानता है, मुझे पण्डित जी के वे वाक्य याद आते हैं, जब अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ, तब उन्होंने कहा था— Sir, You are the custodian of democracy. आप इस प्रजातन्त्र के सर्वोत्तम मुखिया हैं और इस श्रेष्ठ स्थान पर बठकर सदन की मर्यादा और देश के जनमानस की भावना को संरक्षण देते हैं। हम रोज देखते हैं कि अध्यक्ष जिस किसी सदस्य को, विरोधी दलों के सदस्यों को जो निर्देश देते हैं, जो आदेश उनकी तरफ से दिया जाता है, उसकी सम्पूर्ण रूप से अवहेलना होती है।

**श्री वाल्मीकि** : यहां तो दल ही नहीं है ।

**श्री राम सहाय पाण्डेय** : उन की अप्रतिष्ठा होती है । कभी कभी ऐसा अनुभव होता है, क्या यह सत्य है, क्या इस पर विश्वास किया जा सकता है कि इस देश में प्रजातन्त्र चलेगा क्योंकि जब चुने हुए प्रतिनिधि भी अनुशासन नहीं मानेंगे तो इस प्रकार अन्दर और बाहर ऐसी अवस्था पैदा हो सकती है । जब आस्था डगमगा जाएगी । सब से पहले आस्था सदन की यह है कि हम अनुशासन के साथ, संगत के साथ, न्याय के साथ आदर करें, उस सर्वोच्च अधिकारी का जो इस सदन की प्रक्रिया को कार्यसंचालन का उत्तरदायित्व लेकर बैठता है ।

श्रीमन्, बड़ी आलोचना होती है । आज दो तीन बड़ी समस्यायें हमारे सामने हैं । एक सबसे बड़ा प्रश्न हमारे सामने खाद्यान्न का है । तीसरी पंचवर्षीय योजना के अन्त में सरकार ने कल्पना की थी कि अपने तमाम साधनों को बटोर कर, इस देश में किसानों के श्रम और साधनों को बटोर कर 100 मिलियन टन अनाज उत्पन्न करेंगे । यह हमारा एक भौतिक दृष्टिकोण है, यह हमारे साधनों को बटोरने की प्रक्रिया थी, लेकिन जब मैं भौतिक दृष्टिकोण और सामग्री की बात करता हूं तो मैं इस बात को विस्मरण नहीं कर सकता हूं कि जहां तक हमारे भौतिक साधनों का सम्बन्ध है, वहां तक हम बटोर सकते हैं, योजना बना सकते हैं, किसान को साधनों की उपलब्धि दे सकते हैं, लेकिन यदि कभी प्रकृति नाराज हो जाये, ईश्वर साथ न दे, वर्षा न हो, सूखा पड़ जाय, या कभी कभी कहीं ऐसा भी हो गया कि बाढ़ आ गई, उस स्थिति में हमारी तमाम योजनाओं पर संकट आना स्वाभाविक है । हम चाहते थे कि बाहर से अनाज न मंगायें ? क्या हमें अच्छा लगता है कि हम बाहर से अनाज मंगायें, इस से हमारे आत्म सम्मान को बड़ी ठेस पहुंचती है और आत्म-सम्मान किसी राष्ट्र के जीवन में सर्वोपरि होता है । लेकिन जब प्रश्न यह होता है कि हम ने इस प्रजातन्त्र की जो सब से पहला आश्वासन दिया है वह यह कि हम तुम्हारा पेट भरेंगे तब हम अन्तर्राष्ट्रीय सहअस्तित्व की छत्र छाया में अन्य राष्ट्रों की तरफ हाथ बढ़ाते हैं कि तुम्हारे पास जो है तुम दो, हमारे पास जो है हम दें । हम ने पिछले वर्ष बाहर से 10 मिलियन टन अनाज मंगाया लेकिन 10 मिलियन टन मंगाने के बाद भी स्थिति इतनी खराब हो गई । हम ने 10 मिलियन टन अनाज मंगाया इस वर्ष के लिये यह आशा थी कि भारत में अनाज अच्छा होगा और वर्षा होने से थोड़ी सम्भावनायें बढ़ी थीं । लेकिन बिहार, उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिले, मध्य प्रदेश के छतीसगढ़ और अन्य जिले, राजस्थान और थोड़ा भाग गुजरात का भी है, जहां पर कि सूखा पड़ गया ।

आज की स्थिति में कोई ऐसी बात नहीं है जो हम जनता से छिपाना चाहते हैं या सदन से छिपाना चाहते हैं । एक एक दिन का उत्पादन और अपने बफर स्टाक को हम ने बतलाया है । हम ने चेतावनी दी है कि हमारे पास अनाज नहीं है । अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति भी आप देख लें । सन् 1964–65 में अमरीका के पास 38 मिलियन टन अनाज सरप्लस था और अभी हाल में जो फैक्ट्स ऐंड फिगर्स वहां प्रकाशित हुए हैं उन से पता चलता है कि उन के पास अब सिर्फ 5 मिलियन टन रह गया है । संसार के 38 देश हैं जहां अनाज की कमी है । चीन तो अनाज बाहर से सोना बेच कर ले रहा है, रूस में कमी है वह आस्ट्रेलिया और कैनेडा से ले रहा है ।

सब से पहला प्रश्न जीवन का आता है और उस के संरक्षण के लिये जहां से भी अनाज प्राप्त हुआ हम ने लिया । इस वक्त भी हम वार्ता करेंगे और सहयोग सब का लेंगे । स्वावलम्बन हम चाहते हैं, उत्पादन हम बढ़ाना चाहते है, लेकिन जब प्रकृति के प्रकोप का

हम पर असर पड़ता है तब हमारी चिन्ता बढ़ जाती है । लेकिन फिर भी एक आश्वासन है कि जब तक हमारी सरकार परिस्थितियों का अध्ययन कर के उस के निर्वाह का साहस और क्षमता रखती है तो कोई कारण नहीं है कि हम इस स्थिति का मुकाबला न करें । कई बार आश्वासन दिया गया है कि जो कुछ भी हमारे पास है, सामर्थ्य और सामग्री के माध्यम से हम उन क्षेत्रों में जहां अनाज की कमी है उसे पहुंचायेंगे । यह हमारा आश्वासन है । यह हमारा आश्वासन उन लोगों से भी है जहां अनाज अधिक है । उन के माध्यम से हम आश्वासन उन क्षेत्रों को भी देंगे जहां अन्न की कमी है । हम चाहते हैं कि इस बात को दृष्टि में रखते हुए कि जहां अनाज अधिक है वह अपने अधिक अनाज को ही न दें बल्कि साथ साथ थोड़ा त्याग भी करें । यह नहीं है कि बार बार इस प्रकार का सूखा पड़ेगा । कल का दिन अच्छा है इस कल्पना के साथ हम आगे बढ़ें और उन प्रदेशों से जहां सरप्लस है उन प्रदेशों को जहां सरप्लस नहीं है सहायता करें ।

अनाज की समस्या के लिये हम सावधान हैं । हम दृढ़ प्रतिज्ञ हैं कि इस स्थिति का मुकाबला करें । और जहां तक सम्भव होगा, सम्भव ही नहीं होगा, हम भगीरथ प्रयत्न करेंगे कि कोई भी व्यक्ति इस धरती के ऊपर भूखों न मर जाये । वह दिन बड़े दुर्भाग्य का होगा अगर कोई आदमी भूखा मर जाये । लेकिन जितना साहस, क्षमता और शक्ति हमारे पास है, सरकार के पास है उतनी शक्ति से और जनता के सहयोग से हम चाहेंगे कि इस स्थिति का निवारण हो ।

आज कल एक अशान्ति का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है । विद्यार्थियों को भड़काया जा रहा है इंडोनीशिया का उदाहरण दे कर इस देश में क्रान्ति की ललकार की जा रही है । इंडोनीशिया में क्या हुआ, मैं उस के डिटेल में नहीं जाना चाहता, लेकिन मैं नहीं चाहता कि विद्यार्थी जगत में इंडोनीशिया में जो हुआ उस की प्रेरणा दे कर क्रान्ति का आह्वान किया जाये ।

विद्यार्थी समाज के सामने आज दो प्रश्न हैं और हम चाहते हैं कि उन का समाधान वे स्वयं करें । उन के अभिभावक भी करें । एक है अध्ययन का और दूसरा है आन्दोलन का । यह निर्णय उन को करना होगा कि आया वह अध्ययन करना चाहते हैं या आन्दोलन करना चाहते हैं । जहां तक अध्ययन का प्रश्न है, उन को अधिक से अधिक जितनी सुविधायें दी जा सकती हैं वह दी जायें । अच्छे अध्यापक, अच्छे प्रोफेसर, अच्छा वातावरण, अच्छी सामग्री उन को प्राप्त हो, इस का हम समर्थन करते हैं । लेकिन अध्ययन से उदासीन हो कर एस्केपिज्म की टेन्डेन्सी ले कर अगर वह सड़क पर आ जाते हैं और आन्दोलन करते हैं तो मैं उन से निवेदन करना चाहता हूं कि यह ठीक नहीं है । राजनीति में उन के भाग लेने के मैं विरुद्ध नहीं हूं, राजनीति आजके जीवन की अभिन्न प्रक्रिया बन गई है । राजनीति में वह भाग लें, लेकिन स्वस्थ वातावरण का परित्याग न करें । भविष्य की कल्पना की कुंठा से वह अपने आप को इतना वापस न खींच लें कि उन का भविष्य अन्धकारमय हो जाय । हम चाहते हैं कि आन्दोलन की स्थिति इस देश में बन्द हो, बन्द और घेरा डालने की स्थिति । इस का समर्थक वह दल है जिस के नेता ने जर्मनी में ट्रेनिंग पाई है । जर्मन फासिस्ट ओरिएन्टड माइन्ड है । मैं समझता हूं कि इस देश में यह नहीं चल सकता है । एक दिन बन्द, एक दिन घेरा डालो, यह एक ऐसी स्थिति है जिस के पीछे हिंसा की भावना है । उस में सब से बड़ा ब्रीच आफ प्रिविलिज यह होता है कि हमारे फंडामेन्टल राइट्स अर्थात् मौलिक अधिकारों पर जो कि हमें प्राप्त हैं और मौलिक सिद्धान्तों पर कुठाराघात होता है । जैसे बम्बई बन्द किया गया । एक व्यक्ति सड़क पार कर

[श्री राम सहाय पाण्डेय]

अपने निर्दिष्ट स्थान पर जाना चाहता है, लेकिन वह कहते हैं कि हम नहीं जाने देंगे ।

यह हमारे मौलिक अधिकारों पर कुठाराघात नहीं तो क्या है । जब बन्द किया जाता है किसी औद्योगिक नगर में, मैं बम्बई का उदाहरण लेता हूं, तो एक दिन के बन्द में 60 या 62 करोड़ रुपये के उत्पादन की हानि होती है । एक तरफ तो उत्पादन अधिक चाहते हैं अनाज और वस्त्र का और दूसरी तरफ बन्द कर के गतिरोध पैदा करना चाहते हैं । कलकत्ता या इस प्रकार के दूसरे शहरों में, जैसे कानपुर है, जब बन्द किया जाता है, जब बन्द का नारा दिया जाता है तो उस से अन्ततोगत्वा उत्पादन की क्षति होती है और किसी भी देश की, जिस की आर्थिक स्थिति डगमगा रही हो, जिस की एकानामी आज तक कंसोलिडेट न हो पाई हो, आर्थिक स्थिति में दृढ़ता पैदा नहीं हो सकती, जिसे उत्पादन की आवश्यकता है । हम जिस गति से जाना चाहते हैं तो उस में कोई कुंठा पैदा करे, गतिरोध पैदा करे तो इसे कहां तक बर्दाश्त किया जा सकता है । मैं समझता हूं कि यह नहीं होना चाहिये । उस में किसी प्रकार की भी हानि पहुंचाना देशद्रोह के बराबर है । किसानों के पास जा कर भाव की बात कही जाती है कि तुम को भाव अधिक मिलना चाहिये और वही विरोधी दल शहरों में आ कर कहता है मजदूरों से कि तुम को अनाज सस्ता मिलना चाहिये ; एक दल के कुछ लोग कहते हैं कि स्टील प्लान्ट कहां रक्खा जाये और उसी दल के कुछ लोग कहते हैं कि स्टील प्लान्ट यहां न रक्खा जाये । उन लोगों ने बंटवारा कर लिया है, वही लोग यहां हैं और वही लोग वहां हैं ।

चूंकि विरोधी दल के लोग वहां नहीं हैं इसलिये आप के माध्यम से उन से कहना चाहूंगा ....

**एक माननीय सदस्य** : डा० अणे हैं ।

**श्री राम सहाय पाण्डेय** : डा० अणे हमारे बड़े आदरणीय सदस्य हैं । मैं चाहूंगा कि कुछ बातों का स्पष्ट उत्तर आये कि इन जिला बन्दों, प्रदेश बन्दों और भारत बन्द से, यह जो बन्द के नारे हैं उन के प्रदर्शन से क्या हानि होती है । क्या यह सत्य नहीं है कि उत्पादन के क्षेत्र में बहुत बड़ा कुठाराघाट है । इस से अपने देश की आर्थिक स्थिति को क्षति पहुंचती है और अन्ततोगत्वा जनता को नुकसान पहुंचता है । मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि इन बन्दों और घेरा डालो नारों के पीछे क्या यह सत्य नहीं है कि इन प्रवृत्तियों के पीछे हत्या और सम्पत्ति नष्ट करने के प्रति आग भड़कती है । क्या इस प्रकार की प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन नहीं मिलता । क्या इंडोनीशिया का उदाहरण दे कर विद्यार्थी जगत में और समाज में कानून को अपने हाथों में लेने के प्रति उकसाया नहीं जाता । क्या विरोधी दलों में एक दल ऐसा भी नहीं है जो चीन को निमंत्रण देता है कि वह भारत पर आक्रमण करे, उन से जो धन और शस्त्र प्राप्त करता है और जो कुछ यहां हो रहा है उस की पूरी खबर उन को देता है । जो हम में अविश्वास की भावना व्यक्त करने चले हैं, हमारे विरुद्ध अविश्वास का प्रस्ताव जिन्हों ने पेश किया है वे करते क्या हैं और कहते क्या हैं ? कहते हैं पुलों को तोड़ दिया जाए, अशान्ति पैदा कर दी जाए और जब ऐसी स्थिति पैदा हो जाए तो फिर चीन को सिगनल दिया जाए यहां से कि इस समय अवसर है, आप आक्रमण कर दें । मैं आप के माध्यम से विरोधीदल वालों से पूछना चाहूंगा कि क्या उन में एक ऐसा दल नहीं है जो कि साम्प्रदायिकता को प्रोत्साहित करता है, जो भारतीय संस्कृति और धर्म की गुण गाथा तो गाता है लेकिन क्या यह सत्य नहीं है कि उसी दल के एक सदस्य ने मध्य प्रदेश के उपाध्यक्ष पर जूते से प्रहार किया था और

कुर्सी पर बैठे हुए उपाध्यक्ष की उधर से आगे बढ़ कर गर्दन दबाने की स्थिति पैदा की थी ? मैं चाहता हूं कि कल आप उन से मुझे इस प्रश्न का उत्तर दिलवाइये । भारतीय संस्कृति तथा भारतीय धर्म और सभ्यता विशेष की बात करने वाले इस चीज को भूल गये हैं, ऐसा मुझे प्रतीत होता है । इस दल से मैं यह भी पूछना चाहता हूं कि जिस सदस्य ने उपाध्यक्ष पर जूते से प्रहार किया था उस सदस्य के विरुद्ध क्या कोई कार्यवाही भी की गई है ? मेरी जानकारी यह है कि कोई कार्यवाही नहीं की गई है । यदि ऐसे दल ने कभी सरकार बना ली तो हर बात का फैसला फिर जूते से ही हुआ करेगा और जो संस्कृति के निर्माण की बात है उस के बीच में जूता ही रखा जाएगा, और अगर कोई मानेगा तो तब तो ठीक है नहीं तो एक हाथ में जूता होगा और दूसरे में संस्कृति और इन दोनों में समन्वय यह दल स्थापित करेगा । मैं विरोधी दल वालों से पूछना चाहता हूं कि क्या उन में एक ऐसा दल नहीं है ?

मैं यह पूछना भी चाहूंगा कि क्या एक ऐसा भी दल नहीं है जो अपने को राइटिस्ट कहता है, जो अपने को राइटिस्ट कम्युनिस्ट पार्टी कहता है और दूसरा अपने आप को लैफ्टिस्ट पार्टी कहता है ? दायें बायें ये दोनों नाम इन्होंने दे रखे हैं, ये दो संज्ञायें दे रखी हैं । लेकिन मेरी दृष्टि में साम्यवादी दुनिया में एक ही है, चाहे वह राइट हो और चाहे लैफ्ट हो । ये कभी राइट नहीं हो सकते हैं, ये दोनों लैफ्ट हैं । इन दोनों का काम ध्वंस करना है, क्या यह सही नहीं है ? इन दोनों का काम प्रजातन्त्र को नष्ट करना है, क्या यह सही नहीं है ? हमारे दल पर भी कभी कभी भ्रष्टाचार के आरोप लगाये जाते हैं, कभी कभी कहा जाता है कि इन को व्यापारियों से पैसा आता है, उद्योगपतियों से पैसा आता है । हम तो उस का चिट्ठा रखते हैं जिन से पैसा लेते हैं । लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि ये जो पचास पचास हजार आदमियों के प्रदर्शन आयोजित किये जाते हैं, ये जो बन्द आयोजित किये जाते हैं, और अभी यह जो एक बड़ा प्रदर्शन विद्यार्थियों का आयोजित होगा, इन प्रदर्शनों के लिये पैसा कहा से आता है ? एक बात मैं स्वतन्त्र पार्टी वालों से पूछना चाहता हूं आप के माध्यम से । असैम्बलीज में जो उन के सदस्य ये हैं वे राज्य सभा में सदस्य कैसे चुन कर भेजते हैं ? क्या उन को भेजते वक्त ये सौदेबाजी नहीं करते हैं ? जितने विरोधी दल यहां हैं उन के कुछ सदस्य बाहर असैम्बलीज में भी होते हैं । जब ये सदस्य राज्य सभा के लिए सदस्य चुन कर भेजे जाते हैं तो कैसा सौदा वे करते हैं, कैसे वोट ये देते हैं ? मैं लांछन नहीं लगाना चाहता हूं । मैं यह भी नहीं कहना चाहता हूं कि वे पैसा लेते । लेकिन आप पूछिये इन से कि ये काली कोठरी में बैठ कर गुड़ कैसे फोड़ते हैं ?

हम इस ओर से आंखें बन्द नहीं कर सकते हैं कि देश की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, देश में अनाज की कमी है, उत्पादन की कमी है । इस सब के जहां और भी कई कारण हैं वहां सब से बड़ा कारण नैसर्गिक है, प्राकृतिक है और इस संदर्भ में अगर हम सब मिल कर सहयोग करें, सद्भावना के साथ, राष्ट्रीयता की भावना को आगे रख कर, राष्ट्रीयता के संरक्षण के लिये, हम मिल जुल कर काम करें तो हम इस परिस्थिति से पार हो सकते है, हम आगे जा सकते हैं ? यह एक राष्ट्रीय प्रश्न है, अनाज अगर कम है तो एक राष्ट्रीय प्रश्न है और राष्ट्रीय स्तर पर ही इस का समाधान खोजा जाना चाहिये । अगर सूखा पड़ा हुआ हो और हम रेलों द्वारा अनाज उन क्षेत्रों में पहुंचाने की कोशिश कर रहे हो तो आप देखें कि क्या किया जाता है ? किया यह जाता है कि रेलों की पटरियां उखाड़ी जाती हैं । यह जो मरघट पर रोटी पका खाने की स्थिति है यह ठीक नहीं है । आज की स्थिति में स्वस्थ भाव से समालोचना करने की आवश्यकता हो तो समालोचना कीजिये कुछ राय दीजिये, हमारी त्रुटियों की ओर हमारा ध्यान आकर्षित कीजिये, आप साधुवाद के पात्र होंगे ।

[श्री राम सहाय पाण्डेय]

लेकिन आज के इस वातावरण में विक्षुब्धता, घृणा, हिंसा, शत्रुता की भावना फैलाना और इस की कोई परवाह न करना कि प्रजातन्त्र को नुकसान इस से पहुंच रहा है, ठीक नहीं है। अगर प्रजातन्त्र रहेगा तो हम भी रहेंगे, विरोधी दल भी रहेंगे और अगर प्रजातन्त्र शाश्वत रहेगा तो एक दिन वह भी आ सकता है जब कि कांग्रेस के लोग उस तरफ होंगे और विरोधी दल के लोग यहां पर बैठे होंगे, तो मुझे ऐसा होता दिखाई नहीं देता है। लेकिन इस की सम्भावना हो सकती है कि उन की सरकार कभी बन जाए। लेकिन जो स्थितियां पैदा की जा रही हैं, मार्ग में जो कांटे बोये जा रहे हैं प्रजातन्त्र के, और जिस तरह से अशान्ति, विद्रोह और हिंसा की भावना पैदा की जा रही है, जो वातावरण बनाया जा रहा है मुझे भय है कि इस को बड़ी भारी कीमत हमें और उन को भी देनी पड़ेगी जब वे सरकार बनायेंगे। आप देखें कि जिस दिन इस अविश्वास के प्रस्ताव को यहां पेश करने की अनुमति मांगी गई थी उस दिन पचास से ज्यादा सदस्य इस के पक्ष में खड़े हो गये थे लेकिन अन्तिम दिन जब इस के पक्ष और विपक्ष में मत लिये जायेंगे तो बीस पच्चीस ही इस के पक्ष में अपने मत देंगे। मैं समझता हूं कि हम सब लोग मिल कर ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि विरोधी दल के सदस्यों को वह सुबुद्धि दे, उन के अन्दर राष्ट्रीयता की भावना पैदा करे, उन के अन्दर जनता के प्रति ममत्व की भावना पैदा करे, उन के अन्दर दायित्व के निर्वाह की शक्ति और क्षमता पैदा करे। और दूसरे वे सब राष्ट्रीयता के स्वरूप उन में पैदा हो जायें तो मैं नहीं समझता हूं कि इस से कोई हानि होगी। लेकिन हिंसा अशान्ति, विक्षुब्धता, क्षुद्रता और शत्रुता को अगर माध्यम बनाया गया तो प्रजातन्त्र को खतरा है। राष्ट्रीयता के नाम पर प्रजातन्त्र के नाम पर जो जनता के नाम पर हम सब को चाहिए कि हम राष्ट्र के सामने उत्पन्न परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए एक हो कर काम करें। सरकारें बनती और बिगड़ती हैं, इस से देश को कोई बड़ी भारी हानि नहीं होती है। लेकिन प्रजातन्त्र के बिगड़ने का जब प्रश्न होगा तो बड़ा भारी प्रश्न होगा। जिस दल की भी सरकार बने, वह दल स्थानीय होना चाहिये, राष्ट्रीय होना चाहिये, गम्भीर होना चाहिये, अच्छे आचरण वाला होना चाहिये, जिम्मेदार होना चाहिये। मैं नहीं समझता हूं कि कि ये गुण विरोधी दल के हैं।

मुझे एक बात का बड़ा अफसोस है। मुझे अफसोस है कि दादा कृपलानी कैसे उधर बैठे हुए हैं। दादा कृपलानी सदैव हमारे साथ रहे हैं। हमें उन का आशीर्वाद चाहिये। देश को उन का आशीर्वाद चाहिये। उन की वाणी में शक्ति है। उनका प्रभाव है। जो वह हम को कहते हैं हम उस को मानते हैं। मैं उन से प्रार्थना करूंगा कि वे अपना प्रभाव कुछ विरोधी दल वालों पर भी डालने की कोशिश करें, अपने प्रभाव का उधर भी प्रयोग करें। ये आप की बात नहीं मानते हैं। आप की राय से विरोधी दल हो सकता है कि ठीक रास्ते पर आ जाये। इन को सही रास्ते पर लाना, इन को ठीक रास्ते पर लाना मैं समझता हूं एक बड़ा राष्ट्रीय कर्तव्य है। दादा कृपलानी इन विरोधी दलों को जिम्मेदार बनायें, इन को राष्ट्रीय बनायें, इन को कहें कि वे चीन की तरफ न देखें, ये यहां पैदा हुए हैं, और भारत मां इन की मां है, इनसे कहें कि लूटपाट विद्यार्थियों को ये न सिखायें, इन से कहें कि शान्ति शाश्वत, प्रजातन्त्र शाश्वत। धन्यवाद।

**Shri J. B. Kripalani** (Amroha): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I am sorry that the moral support that I would get from the Opposition is absent. I hope the Congressmen will lend me their mornal support as they need my moral support.

I did not stand among the fifty who wanted this motion to be debated. There was reason for that because it seems to me that the Opposition parties had previously some confidence in this Government. You cannot bring a vote of no-confidence unless you had previously some confidence. I lost confidence in this Government many years back, and why? Because I saw from the beginning that they were repudiating the policies of Gandhiji whom we call the Father of the Nation. Nothing has changed; the British Government was a hindrance in our way; that hindrance was removed, and we thought that everything had changed, but we changed our policy. So, I lost confidence with this Government long ago.

I am glad to say that many Congressmen too have lost their confidence now.

**An Hon. Member:** No.

**Shri J. B. Kripalani:** They may say no here; they may vote against the no-confidence motion. I will join them in voting against the no-confidence motion, but they cannot say no to that, when they are very much oppressed by what is going on in the country. They realise that the country is going down and down. On the last occasion, if you remember, I said that I have sympathy with this Government, and I pity this Government Why? Because it is falling by its own weight; it is the weight of mistakes of commission and omission, and there was no need for bringing a no-confidence motion. But today, I am very sorry for the Congress Government, and for the Congress people. I am an old man; I can only express my sorrow. Why? Because even Chiang Kai-shek has learnt by experience. Our Government does not learn even by sad experience. It goes on committing the very same mistakes.

Now, there are two Ministers recently appointed in the two new States that have been created. And what a mess they have made! They say on the one hand that they are out to root out corruption, and on the other, they have put in the Ministry people who have been condemned for their actions in the past by no less a man than the Chief Justice of the Supreme Court; you have put them in. You had your experience and you had a very powerful man in the Punjab; because of his corruption he had to come down and I considered the Government of India responsible for the murder of Kairon because they allowed him to go on in a blind way till somebody killed him. If they had checked this corruption in time he would have been living today and perhaps there may not have been the partitition of the Punjab.

Today, the Minister for Planning, Shri Asoka Mehta, when there a talk of money for pension for old age, he said we have not got money and we must look to our resources. This Government have never looked to the resources of the country. It has always relied upon resources that will come from outside and these improverish the country. In one State newly created, they have appointed 11 Ministers, one Speaker, one Deputy-Speaker, making 13 in all. I hear that there are only 40 Congress Members. There One-third of the Congressmen are Ministers. Here also, one-fith or one-sixth of the Congress Members are Ministers. They do not see that they are wasting the money of a poor country in multiplying offices for themselves and also for their officers. I have heard Chief Ministers saying that the efficiency of the administration will increase if 33 per cent at least of the incumbents that are occupying the places today were taken off. Why did this staff increase? Because everybody had a nephew or a nephew-in-law or a villager or a villager-in law or a caste-man or a caste-man-inlaw to be accommodated. They have been blindly going on multiplying offices till these employees are a burden on the administration.

[Shri J. B. Kripalani]

I also have in the past managed offices. I held that if one more man in the office would spoil the discipline, I would say I would have one less and give overtime allowance to those who are working than have one more superfluous man. On the admission of the authorities themselves, 33 per cent of the staff is absolutely useless and it spoils the work of the other 67 per cent.

The Government blame the opposition. Of course, the Opposition parties are to blame for creating confusion in this House, but the Congressmen are more to be blamed because having a sure majority, yet, they create confusion in this House, and the confusion gests worse confounded.

Further, these people who give lectures to us, to be well-behaved, to unite with the Government—are they united amongst themselves? In every State, there is a division between Congressmen and Congressmen. Who started the agitation between Karnataka and Maharashtra? They were the Chief Ministers of the two States. They who should know better raised a Frankenstein which will swallow them up. Again, who is responsible for this Andhra trouble today? I say that it is the Chief Minister of Andhra Pradesh and the Congressmen who are responsible for what is happening there. This is not something that has been done by the Opposition. The Opposition might have helped a little but the original sin is that of Congressmen. And I challenge any Congressman to contradict this.

Not only has the Maharashtra and Karnataka trouble been created by the Congressmen but even the Defence Minister who should be above all parties, because he has to defend the country, joins in the fray. You in the Government alongwith the Congressmen create confusion. I will not talk of UP. It is a sacred subject! But everybody knows what is happening there. If I were free, I would give you an account of Uttar Pradesh that will take your breath away.

**Shri Thirumala Rao** (Kakinada): Are you not free?

**Shri J. B. Kripalani:** I am not free because you will say he is defending his wife. You have often said that. Do I not know you people? When I stand for election you say he should go and learn wisdom from his wife. When my wife stands for election as Chief Minister, you say that she will go and give all the secrets of the Cabinet to her husband! Have I not experience of these things? You never see a belt but you must hit below it. I have seen this. This is a temptation to you.

Then about the students trouble. I will say nothing; let Mr. Chagla say. What does Mr. Chagla say? We are talking about the autonomy of the universities. But he said that the Vice-Chancellors of universities are appointed not because of their academic qualifications but for political reasons. I do not appoint Vice-Chancellors; nor does anybody in the Opposition appoint them. It is the Congressmen; it is the Congressmen who dabble in the Politics of the universities, and take away the autonomy of the universities.

They are responsible. I say they are also responsible for the trouble among the students. One section of Congressmen is called 'ministerialists' and the other section is called 'dissidents,' and it is the job sometimes of the ministerialists and sometimes of the dissidents to excite students and to make them to rebel against lawful authority. First of all, the authority is not lawful and, then, whatever authority there is, is destroyed by ministers in the Congress. I hold them responsible.

Shri Chagla said—that Vice-Chancellors appointed for other reasons, for political reasons, for non-academic reasons and they are slaves of these ministers who appoint them. Do you expect slaves to keep law and order?

Do you expect them to keep discipline? Do you expect them to be good examples to their students? You cannot expect it. I hold the Congress governments responsible for the students trouble.

I have been a teacher for long years and I never had trouble with the students. Why is there trouble now? It is because the students are taught by those who are not competent in their subjects, by those who do not treat them as they should treat their children. Even if one virtue out of these two is present in a teacher the students will never create trouble. I have seen teachers, a good men, who treat the students as their own children who are affectionate to them, who invite them to tea-parties, who, if they smoke, can offer them cigaretes and so on. Such teachers even if they do not teach well, the students say, "they are a good men and they should not be disturbed." I have also seen teachers who are very harsh, who are disciplinarians but who teach their subjects very well. About them the students say, "whatever may be their faults, they are good teachers, therefore they should not be disturbed." But here we have teachers who lack both these qualities. How do you expect the students to be disciplined.

There is another thing that the Government, the Minister of Education, has to take care of. There are conferences of these Vice-Chancellors. There are conferences of these Ministers. There are conferences of policemen. All these Conferences are very good in their own way. But have a conference which will go into the details of what is happening in, what are called, the students' unions. Every student union has thousands of rupees at its disposal and their executive dispose them of as they like. Every young man who becomes the President of the Union wants to show his strength by engineering a strike. Thus he gains popularity. I can tell you, 95 per cent of the students want to study. It is these 5 per cent who are responsible for all this trouble. Remember that you have convened many conferences, but you have not tackled this question of so much money being in the hands of students who do not know how to utilise that money. Sometimes they have invited me. When they invite me they listen to me. After listening to me they say: "Sir, come for a tea-party". I say: "I have no time for a tea-party." Who goes to that party? A few professors and the executive of the students' union go. Like that money is being wasted. Therefore, there must be an enquiry as to what these unions do. They spoil the atmosphere of the colleges and universities. Unless you tackle this question you cannot tackle the question of discipline among students.

I remember, in one place in Uttar Pradesh and, therefore, I have to talk of it—some school students came and said: "Sir, we are going on a strike today. I asked: What grievances have you?" Their reply was: "We have no grievances, but our leaders in Allahabad and in Lucknow have given the command to strike and so we are going on strike." They plainly said that they had no grievances. You cannot reason with these children who get such bad example, who got such bad example from these executives, as also from their Vice Chancellors who are slaves of the politicians in the Government. To all these things the Congressmen have to reply, and if they do not reply they are talking with their tongue in their cheeks.

Then there is the food problem. In the days of Shri Patil he said that he was geeting grain from America for building up a buffer stock. But when the monsoons failed, when there were floods, when there was drought, we did not hear anything of this buffer stock. I do not know where they went, because it is difficult to know the activities of men and mice here. Buoth men and mice swallowed away the buffer stock. It is not as if for the first time there is drought in India

[Shri J. B. Kripalani]

or for the first time there are floods in India. We are periodically used to these and we must provide for them.

If we think in terms of planning, planning means foresight, scientific forestight. Unfortunately, we have not even the hind-sight. Even Chiang Kai-shek could improve, but our Government does not improve by experience. Then what happens? There is confusion. Then the police is asked to act. The police know only one way, that of firing at people. I think I cannot condemn the police for firing. For instance, in Andhra they wanted to attack the oil refinery. I really find fault with the Opposition who say that the police should not use violence. If a refinery is set on fire, I do not know what would happen. Then there are students who have gone and looted the treasury or at least tried to loot the treasury. Of course, in a treasury, there is nothing, there is only paper, and paper can be printed again. But, after all, it is called a treasury, as the Congress is Congress though it may not be now the Congress of Mahatma Gandhi. It may be a dead Congress, but it is Congress. Names do not change but the nature of the things that are there change. When I was a child, when I was crawling and could not even wear my clothes I was called Kripalani, now also I am called Kripalani and when I die they will say that Kripalani died. Names do not change but things change. You must remember that the police brought up in the traditions of the Britishers will always resort to firing but it is for us to see that such situations are not brought about. We can do that if we avoid mistakes. If the Andhra Congressmen had not started this agitation the Opposition would not have done so. If the trouble between Maharashtra and Karnatak had not been started by the top Congressmen, the Opposition could not have done it. They could have done a little mischief but not much. But when the ruling party itself in one State is against the ruling party in another State, it can do incalculable harm to the country. Let Congressmen look within themselves. They might have the votes, but I say they have not the moral authority that a good government always has. They have the physical authority, and they use that physical authority and, as I say, they are entitled to use it in order to see that there is no greater confusion than what they have themselves created. All right, they use their physical power. Where do they use it? I am sorry, I am going to touch on a very delicate subject. Here, in this capital, a man is sitting with his wife and his wife is taken away. When Ram's wife was taken away, neither Ram nor Lakshman was there. But here both Ram and Lakshman are sitting here and doing nothing. Why don't the Government ask the police to shoot people who commit such crimes? In Mahabharat, when Dussasan, wanted to take away the clothes of Draupati, the elders were sitting tongue-tied and helpless. Here you the elders are sitting with the police but you cannot defend your women.

**15 hrs.**

Gandhiji brought women out of their homes and purdahs, in those days women could go in the streets without fear. Women could safely travel from one part of the country to another. Today no woman in Delhi can go out without a chaperon; today no woman can travel without some male companion. Gandhiji took the women out of the purdah and brought them in the open. Today by our inefficiency we are going to thrust them back into purdah. Are there no men left here to protect them?

We have allowed our women folk to occupy the highest position. How degraded are we that we attack the character of those whom we have ourselves appointed to these high positions? We attack their character. And let me tell you that it is not the goondas that attack their character, but

it is the politicians that attack their character. Because, goondas are not interested in their character; it is the politicians that want to demounce them, to displace them. Therefore, they malign them and their character. I can under stand it if women who choose to be in politics are criticised for their political sins of omissions and commissions. But to put women in the highest positions and then attack their character is the meanest thing. It is never done. Yet, it is done in this country, and I say it is done by politicians, some of whom are Congressmen.

Sir, you should excuse me if I use strong words, because I can use no other language. In the Ramayana even Ravana did not touch the woman. But the Ravans of today are molesting them. But today we allow our women to be dishonoured and we allow our police to fire on the students, we allow our police to fire on the mob, but in this city the Home Minister has not got the guts to tell the Superintendent of Police that unless you produce the culprit you will be no more, you will go. He talks of fighting bribery and includes bribe-taking Ministers in the Cabinet. He uses the police and justifies it. I also justify the use of police when oil refineries are attacked, or when treasuries are attacked, though the treasury may consist only of inflated money printed in Nasik, which can be printed again. I do justify that kind of action. But I would justify it more if the police force is used to protect and safeguard the honour of our womenfolk. India has always prided upon the honour of her women. Because of the honour of one woman we had the Ramayana war and so also Mahabharata war. But here these elders sit still and do nothing when some people malign the character of our women, not in the political field but in a personal way.

**Mr. Deputy-Speaker:** He should conclude.

**Shri J. B. Kripalani:** Sir, if you want me stop, I will stop here. I have only a few words to say. I am in earnest. I am not talking in vain. I talk of things that I have seen and I talk of things that you have seen. The previous speaker attacked the opposition. However cursed the opposition may be, it cannot bring about the fall of the country. If the country falls, it is because those who rule the country are at fault. Even in this age of famine, when Government itself has admitted that 41 districts out of 54 districts in UP are affected by drought, in Bihar not only is there no food but the administration has also cracked, in these days I have seen people thinking only of their tickets, people thinking only of the position they will occupy and how they can displace others so that they can occupy those places. This is the condition in the country today.

If you think that I have said anything that is wrong, you dismiss it, but please keep your house in order. Now it is a house divided against itself. When a house is divided it is standing on sand, the flood may come and sweep it away. Things do not fall physically first; they first fall morally; physical destruction may come later. The destruction of the Congress Government is Congressmen pitted against one another. Even Congressmen admit it in their private talks, but in public they give the vote to Congress. So, this vote has no meaning. You have corrupted even the voters by bringing in caste, money and liquor in order to get your people elected. Take away these things. For God's sake, save this land of Gandhiji and and do not play with our destiny. We had a great man who led us. Let us all be a little worthy of the inheritance that we have received. It is said that it is not only at the time when liberty is achieved that sacrifice is needed but every generation has to make sacrifice for safeguarding liberty; eternal vigilance is the price of freedom. Congressmen have got to be more vigilant before they accuse the opposition parties. Opposition parties do make confusion, but you add to the confusion. Please, for

[Shri J. B. Kripalani]

God's sake, consider the words that I have spoken and at least take care of our women folk, if you can do nothing else.

**श्री म० ला० द्विवेदी** (हमीरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ कि इस अविश्वास के प्रस्ताव को माननीय श्री त्रिवेदी जी ने इस सदन में उपस्थित किया है। मुझे ऐसा लगता है कि अगर त्रिवेदी जी अपने दल में ही अपने प्रति विश्वास प्राप्त करने का प्रस्ताव रखते तो उनको वह विश्वास प्राप्त न होता। इसका कारण यह है कि जनसंघ की नीति जो है, जो उसकी परम्परा है उसके विरुद्ध उनका आचरण है। उदाहरण के लिए मैं कहूंगा कि जनसंघ की नीति यह है कि देश की भाषा हिन्दी हो। लेकिन जब वह भाषण अपना करते हैं, अविश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए जो भाषण उन्होंने दिया है या किसी महत्वपूर्ण बात को कहते वक्त जिस भाषा में वह उसको कहते हैं, वह एक विदेशी भाषा है, अंग्रेजी भाषा में वह भाषण करते हैं और आज भी उन्होंने इसी भाषा का प्रयोग किया है। इसलिये मुझे यही कहना पड़ रहा है कि :

त्रिवेदी जी बनने चले हैं अफलातून,
पैरों तले है टोपी, सिर पर है पतलून।

टोपी से मेरा मतलब भारतीयता से है और पतलून से मेरा मतलब अंग्रेजियत से है।

**एक माननीय सदस्य** : फिर कहिए।

**श्री म० ला० द्विवेदी** : "त्रिवेदी जी बनने चले हैं अफ़लातून, पैरों तले है टोपी, सर पर है पतलून।"

श्री त्रिवेदी की यह हालत है कि वह जनसंघ की नीति पर अविश्वास करते हैं, उसकी बेसिक नीति के ख़िलाफ़ बोलते हैं, उनके अपने दल में उन को विश्वास नहीं मिलता है, लेकिन यह हमारी सरकार के विरुद्ध अविश्वास-प्रस्ताव लाने की चेष्टा करते हैं।

क्या विरोधी दलों की ओर से बार-बार अविश्वास-प्रस्ताव लाना इस सदन का उपहास करना नहीं है ? क्या वे लोग इस तरह इस सदन को एक तमाशा नहीं बनाना चाहते हैं ? आप देखिए कि पिछले सैशन में एक अविश्वास-प्रस्ताव आया और उससे पहले सैशन में भी अविश्वास प्रस्ताव आया। क्या देश के सामने इस सरकार पर अविश्वास की समस्या ही सबसे बड़ी समस्या है ? अभी आचार्य कृपलानी ने कहा कि देश पर संकट घिरा हुआ है और उत्तर प्रदेश, बिहार तथा मध्य प्रदेश की स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सूखे से लोग भूखे मर रहे हैं। क्या विरोधी दलों के सदस्यों के लिए यह अधिक उचित नहीं था कि वे अविश्वास-प्रस्ताव लाने से पूर्व सूखे की स्थिति पर बहस की मांग करते ? लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। आज विद्यार्थी देश भर में खूंरेजी कर रहे हैं, बसों और रेल के डिब्बों को आग लगा रहे हैं, लोगों से मारपीट कर रहे हैं और कानून की अवज्ञा कर रहे हैं। क्या विरोधी दलों का यह कर्त्तव्य नहीं था कि वे उन विद्यार्थियों के पास जाकर उनके आंसू पोंछते और उनसे पूछते कि उन की मांगें क्या हैं ? लेकिन नहीं, वे छिप कर उनके बीच में जाकर तोड़-फोड़ और आगजनी का काम खुद करते हैं और नाम विद्यार्थियों का लगता है। अगर विद्यार्थियों की अपनी कोई मांग होती, तो वह शिक्षा सम्बन्धी मांग होती, उनकी अपनी समस्याओं को हल करने की बात होती। लेकिन आज विद्यार्थियों की तरफ से जो इस प्रकार की मांगें की जा रही हैं कि अमुक प्रिंसिपल को हटा दो, अमुक काम कर दो, वे मांगें विद्यार्थियों की नहीं हैं। इन मांगों की आड़ में ये लोग विद्यार्थियों में क्रान्ति की आग फूंक रहे हैं।

कम्युनिस्ट भी इस अविश्वास-प्रस्ताव में शामिल हो रहे हैं। मुझे मालूम है कि हर

विश्वविद्यालय में कम्युनिस्टों के कुछ लोग जाते हैं और उनको आन्दोलन करने और तोड़-फोड़ की कार्यवाहियां करने के लिए उकसाते हैं ।

**डा० मा० श्री अणे** (नागपुर) : कांग्रेस वाले भी जाते हैं ।

**श्री म० ला० त्रिवेदी** : कांग्रेस वाले भी जाते हैं, लेकिन वे क्रान्ति करवाने का प्रयत्न नहीं करते हैं, वे आग नहीं लगवाते हैं, लेकिन ये लोग तो बसों और अन्य राष्ट्रीय सम्पत्ति को क्षति पहुंचाते हैं । उनकी हालत यह है : "कथनी है कुछ और, कुछ और है करनी, चीन की सरकार को ये मानते हैं जननी ।" ये कम्युनिस्ट देश की राष्ट्रीयता के विरुद्ध हैं, समाज के विरुद्ध हैं । वे किसी भी काम में साथ नहीं देना चाहते हैं । वे यहां आ कर डेमोक्रेसी का ढोंग और स्वांग रचते हैं । वे पाखण्डी, धोखेबाज और देश के गद्दार **हैं** ।

स्वतन्त्र पार्टी वाले भी इस अविश्वास-प्रस्ताव में शामिल हैं । उनका यह हाल है कि "परम स्वतन्त्र, न सर पर कोई, साख इन्होंने अपनी देश में खोई ।" जहां तक स्वतन्त्र पार्टी का सम्बन्ध है, जो असन्तुष्ट कांग्रेस वाले थे, जिनको मिनिस्टर नहीं बनाया गया, जिन को ऊंचा ओहदा नहीं मिला, वे स्वतन्त्र पार्टी में चले गए । यह पार्टी देश भर में अपनी साख खो बैठी है । क्या इस सदन में अविश्वास-प्रस्ताव लाना और तोड़-फोड़ की कार्यवाही करना ही उनका काम है ? गांधीजी और कांग्रेस ने भी आन्दोलन किया था, लेकिन गांधीजी के आन्दोलन के पीछे रचनात्मक काम था । वह चरखा चलाते थे । उन्होंने हरिजनों के उद्धार का काम किया था । उन्होंने नमक बनाने का काम हाथ में लिया था । उन्होंने देश भर में रचना के कामों की एक ऐसी लहर चलाई थी कि आज हम लोग उनको बापू के नाम से पुकारते हैं । विरोधी दल के लोग भी महात्मा गांधी को बापू कहते हैं, लेकिन वे उनके सिद्धान्तों के अनुसार आचरण नहीं करते हैं । कोई भी रचनात्मक काम बता दीजिए, जो विरोधी दल अपनाए हुए हैं । वे सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर गरीब किसानों के आंसू नहीं पोंछना चाहते हैं । वे विद्यार्थियों को सन्तोष दिलाने का काम नहीं करना चाहते हैं । आज देश भर में विग्रह फैला हुआ है, भुखमरी फैली हुई है, लेकिन उसमें उनकी रुचि नहीं है । उनकी रुचि केवल इसमें है कि इन्दिरा गांधी की सरकार को, कांग्रेस सरकार को हटा दिया जाये । वे जानते हैं कि उनके अविश्वास-प्रस्ताव में इन्दिरा गांधी की सरकार नहीं हट सकती है, क्योंकि उसके पास दल की ताकत है । अगर वे उसको हटाना ही चाहते हैं, तो पहले वे दल को इकट्ठा करें, बहुमत इकट्ठा करें और वह चुनाव से पहले नहीं हो सकता है । तो फिर यहां पर अविश्वास-प्रस्ताव लाना बकवास करना नहीं, तो और क्या है ? यह जनता के धन को बर्बाद करना है । वे इस अविश्वास प्रस्ताव को इसलिए लाए हैं, ताकि वे जनता के सामने साबित कर सकें कि हमने सरकार के दोषों और गलतियों को प्रकट किया है ।

मैं मानता हूं कि सरकार में दोष है । मैं यह भी मानता हूं कि देश में बड़ी खराबी पैदा हो गई है । लेकिन क्या सरकार उसका उपाय नहीं कर रही है ? क्या वह उसका उपाय नहीं करना चाहती है ? अगर विरोधी दलों का सहयोग मिले, तो जितनी बुराइयां हैं, उनमें से आधी तो फौरन दूर हो जायेंगी और बाकी बुराइयां भी प्रयत्न करने पर दूर हो जायेंगी । लेकिन सहयोग देना तो दूर रहा, ये कदम कदम पर रोड़े अटकाते हैं । आप रोज देखते हैं कि रोज एक, डेढ़, दो घंटे का समय, जो कि शून्य का घंटा कहलाता है, बेमतलब की बहस में चला जाता है, सरकार

**The words were subsequently withdrawn by the Hon. Member, vide Debates dated 4-11-66—Motion of No-Confidence in the Council of Ministers.

[श्री म० ला० द्विवेदी]

का रुपया व्यर्थ जाता है और जो काम हम करने आए हैं, उस को हम नहीं कर पाते हैं।

जो लोग अपने को समाजवादी कहते हैं, वे भी इस अविश्वास-प्रस्ताव में शामिल हैं। उनकी स्थिति यह है: "तानाशाही है मन में, ऊपर समाजी बाना, हुल्लड़बाजी को हो इन ने ईश्वर माना।" वे सिर्फ हुल्लड़बाजी से प्रजातन्त्र को चलाना चाहते हैं। लेकिन क्या जनता मूर्ख है कि वह यह नहीं समझेगी कि ये किस तरह से हम को बर्बाद करना चाहते हैं और समाजवाद के नाम पर हुल्लड़बाजी के द्वारा अपनी पार्टी को जनता में लोकप्रिय बनाना चाहते हैं? एक भी ऐसा समाजवादी बताया जाये, जो जनता के पास जाकर उसके लाभ और हित की बात करता हो। वे यहां नहीं हैं, लेकिन वे मेरे भाषण को पढ़ लेंगे, सुन लेंगे। अगर उनमें काम करने का बूता है, तो वे जनता में जाकर रचना के काम करके दिखायें और यहां पर अविश्वास-प्रस्ताव में शामिल होकर व्यर्थ के अफ़लातून बनने की कोशिश न करें।

आने वाले चुनाव में हम कैसे जीतेंगे, हम कांग्रेस को कैसे बदनाम कर सकते हैं, सिर्फ इस लक्ष्य को लेकर उनके सब काम यहां पर हो रहे हैं। ये लोग केवल बकवासबाजी और बातों के ज़रिये गढ़ जीतने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि भारत की जनता बहुत समझदार है। उसने देखा है कि कांग्रेस की सरकार ने केवल अभी से नहीं, बल्कि जब से कांग्रेस ने जन्म लिया, तब से लेकर आज तक वह रचनात्मक काम करती रही है।

आचार्य कृपलानी कांग्रेस वालों को कहते हैं कि उनको कुछ सीखना चाहिए, उनको अपना घर ठीक करना चाहिए। क्या उन्होंने इस बात की ओर ध्यान दिया है कि उन जैसे ईमानदार आदमी कांग्रेस से बाहर चले गए और अवसरवादी उसमें शामिल होने लगे। लेकिन वह केवल अवसरवादियों की निन्दा नहीं करते हैं, बल्कि वह सब कांग्रेसियों को समेट कर गाली देना चाहते हैं। क्या आचार्य जी सच्चे दिल से कह सकते हैं कि उन के पुराने और ईमानदार साथी आज भी कांग्रेस में शामिल नहीं हैं? आचार्य जी भी आंख मीच कर बात करते हैं और सभी कांग्रेसमैनों को बदनाम करने की बात करते हैं। मैं मानता हूं कि कांग्रेस में बुरे आदमी भी हैं, लेकिन वे कैसे आ गए? पहले जो व्यक्ति त्याग, तपस्या और रचनात्मक काम करता था, वही कांग्रेस में सम्मिलित हो सकता था, लेकिन आज चापलूसी, चाटुकारिता, बेईमानी और पैसे के बल पर कुछ ग़लत आदमी कांग्रेस में आ आ गए हैं। ऐसे लोगों का बहिष्कार करके कांग्रेस को सुधारने की आवश्यकता है। लेकिन आचार्य जी यह बात कभी नहीं बताते हैं। वह तो कांग्रेस को बदनाम करके अपना नाम ऊंचा करना चाहते हैं कि जो कुछ हूं, मैं हूं। उनके प्रति मेरी श्रद्धा है, लेकिन वृद्ध और बुद्धिमान का कर्तव्य यह है कि वह सही बात कहे। कांग्रेस में अच्छे लोग भी हैं, और ज़्यादा लोग अच्छे हैं। कुछ लोग ख़राब हैं। अगर उनको हटा दिया जायेगा, तो हमारी संस्था ठीक हो जायेगी और हम अपने झगड़े तय कर लेंगे। लेकिन आचार्य जी विरोधी दलों के झगड़े में पड़ना नहीं चाहते हैं। वह हम को सलाह देते हैं। हम उनकी सलाह को मान लेंगे, क्योंकि वह वृद्ध हैं और पुराने कांग्रेसमैन हैं। हमें विश्वास है कि वह फिर हमारा साथ देंगे।

विरोधी दलों की ओर से कहा गया है कि कांग्रेस ने अपने मिसरूल से देश भर में तबाही ला दी है। अगर उनकी आंखें हैं, अगर वे सोच-समझ कर, ईमानदारी से, कुछ अनुभव करके बात करते, तो वे कहते कि कांग्रेस ने मिसरूल नहीं किया है, बल्कि कांग्रेस ने जनता को अच्छा शासन देने का प्रयत्न किया। बात यह है कि विश्व-भर में

जो समस्यायें हैं, वे समस्यायें भारत में भी हैं। हम महसूस करते हैं कि उन समस्याओं को सुलझाने के लिए जबरदस्त और तगड़े हाथों की आवश्यकता है। अगर उनका सहयोग मिले, तो हमारे हाथ मजबूत हों और हम मजबूती से उन समस्याओं को हल कर सकेंगे। लेकिन वे मिसरूल के हालात पैदा करते हैं और उसके लिए कांग्रेस गवर्नमेंट को बदनाम करते हैं। वे जगह जगह आगजनी और खून-खच्चर कराते हैं और पुलिस को गोली चलाने के लिए उत्तेजित करते हैं और फिर इन सब बातों के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराते हैं। जनता इस बात को समझ सकती है और समझेगी कि इन बुराइयों के पीछे विरोधी दल हैं, न कि कांग्रेस। कांग्रेस चाहती है कि देश में शान्ति हो, कांग्रेस गवर्नमेंट चाहती है कि देश में व्यवस्था हो और तन, मन, धन से हमारी प्रधान मंत्री और सरकार के सभी लोग लगे हुए हैं कि हम इन समस्याओं को हल करें और मुझे विश्वास है कि हम उनको हल कर सकेंगे। अगर हमारे विरोधी हमें सहयोग नहीं दे सकते तो कम से कम वे शान्त हो जायें, उल्टे सीधे प्रस्ताव रखना बन्द कर दें और देखें कि दो महीनों में स्थिति सुधरती है या नहीं। लेकिन वह स्थिति को सुधरने नहीं देना चाहते। वह समझते हैं कि वह कांग्रेस को हरा देंगे। उन्हें सोचना चाहिये कि जनता किसके हाथों में ताकत दे दे। क्या वह उन लोगों के हाथों में ताकत दे देगी जो भड़िये बैठे हैं, जो और भी बड़े बड़े घाघ बैठे हुए हैं जिन्होंने सिर्फ असन्तोष के कारण कांग्रेस को छोड़ा है और वह जनता का विश्वास पाकर जीत जायेंगे। मुझे विश्वास नहीं है कि जनता इतनी मूर्ख होगी कि ऐसे लोगों को, जो कि देश की सत्ता पर विश्वास नहीं करते, जो राष्ट्रीय एकता में सहयोग नहीं देना चाहते, जो देश में एकता कायम नहीं होने देना चाहते, जो रचनात्मक कामों में विश्वास नहीं करते, वह देश में सफल बनायेगी। जो अलग-अलग बैठे हुए हैं लेकिन अविश्वास प्रस्ताव पर पचास-पचास खड़े हो जाते हैं, मगर जब उनके मन की बात कही जाती हैं, उनको जवाब मिलता है तब सारा विरोधी दल सदन में देखने को नहीं मिलता, वह गायब हो जाते हैं। किसी न किसी बहाने से भागना चाहते हैं। वह जानते हैं कि अविश्वास प्रस्ताव का क्या हश्र होगा, लेकिन सिर्फ पब्लिक में प्रचार करने के लिये, अखबारों में नाम कमाने के लिये वह अविश्वास प्रस्ताव लाते हैं। मैं इस अविश्वास प्रस्ताव के प्रति अपना अविश्वास प्रकट करता हूं और चाहता हूं कि वह अपना प्रस्ताव वापस ले लें। वह सरकार को आश्वासन दें कि वह मिल कर सरकार को सहयोग देंगे, वह मिल कर सरकार को सफल बनायेंगे। जहां सरकार गलती करेगी वहां उसको समझायेंगे। अगर समझाने से सरकार नहीं समझती तो हम कांग्रेस के सदस्य यहां आंख मूंद कर नहीं बैठते हैं। हम अक्ल लेकर आये हैं, हमें जनता ने चुना है। लेकिन वह समझते हैं, उनका ख्याल है कि हम डम्ब "ड्रिविन कैटल" हैं, वही वीर हैं, बहादुर हैं, वही अफलातून सिपाही हैं देश के। मैं इस बात को गलत तरीके से चलने नहीं दे सकता। हम उन्हें समझायेंगे और उनमें बुद्धि आनी चाहिये, समझना चाहिये कि गांवों में जो लोग हैं, उन में भी अच्छे लोग हैं, समझदार लोग हैं। वह जानते हैं कि उन में अक्लमन्द लोग हैं जिनको जनता ने चुना है। इस लिये हम परामर्श से काम लें तो संसद की कारवाई चलेगी। खाम-ख्वाह बकवासबाजी से देश का धन खराब करना है और इससे हम कहीं पहुंच नहीं सकते। इससे देश का पतन होगा और राष्ट्र के प्रति अविश्वास होगा, राष्ट्रपिता के प्रति अविश्वास होगा, जिन की वह पूजा करते हैं।

हमारे देश की कर्तव्यपरायणता, धर्म और संस्कृति ऐसी है जो यह कहती है कि खुराफात में न पड़ो, सज्जनता और सचाई से काम लो। जब सभी उपाय नाकामयाब

[श्री म० ल० द्विवेदी]

हो जायें, सभी तरीके खत्म हो जायें, कोई आपकी बात मानता न हो तब आपकी मर्जी में जो आये वह कीजिये । गांधी जी ने भी वही रास्ता अपनाया और हम भी उसी रास्ते को अपनायेंगे । हम कांग्रेस में नहीं रहेंगे जब हम देखेंगे कि हमारी बात नहीं मानी जाती । लेकिन मेरा विश्वास है कि कांग्रेस का जन जन इस बात में लगा हुआ है कि हम अपनी समस्याओं को समझें, हम देश की समस्याओं को समझें और शान्ति की स्थापना करें तथा देश में जो बड़े बड़े संकट आये हुए हैं, जैसे सूखा है, भुखमरी है और जो तबाही आई है अवमूल्यन के कारण, उनका सामना करें । कैसे हल करें, यह सुझाव कोई नहीं बतलाता । सिर्फ कहते हैं कि गलती करते हैं । अगर हम गलती करते हैं तो सही रास्ता बतलाइये । उनके पास कोई जवाब नहीं है । मेरा कहना यह है कि जो आदमी कहता है कि गलत है वह सही मार्ग भी दिखाये और बतलाये कि यह सही रास्ता है । अगर उस रास्ते को हम न अपनायें, हमारी सरकार न अपनाये, तब आपकी बात हम मान सकते हैं । लेकिन यह बात नहीं है । यहां कोई सही बात आपकी किसी के सामने नहीं आती, सिवा अविश्वास प्रस्ताव के, सिवा खामख्वाह की बहस के । बेमतलब बातें करके देश में भ्रमात्मक वातावरण पैदा करने का जो प्रयत्न कर रहे हैं यह बिल्कुल गलत है, धोखेबाजी है, यह देश के प्रति गद्दारी है । इसलिये मैं अपील करता हूं ताकि उनकी चेतना जगे और वे सही रास्ते पर चलने लगें ।

अपनी सरकार से मेरी प्रार्थना है कि उन्होंने बिहार सरकार को 5 करोड़ रुपयों का अनुदान देकर बहुत बड़ा काम किया है । इस लिये हमारे विरोधी सदस्यों को यह कहना कि हमारी सरकार कुछ नहीं कर रही है, गलत हो गया है । मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि जहां जहां खेती सूख चुकी है वहां उदारता से पम्पिंग सेट वगैरह देने का इन्तजाम करे । ताकि पुरानी फसल जो खराब हो गई वह तो हो गई लेकिन नई फसल जो रबी की है वह अच्छी हो जाये । इस तरफ वह पूरा पूरा ध्यान दे और हम कांग्रेसमैन उनको पूरा सहयोग दें ताकि हम जनता में जाकर कह सकें कि सरकार उन की तबाही को रोकने का प्रयत्न करेगी । मैं आशा करता हूं कि हमारे सब साथी इसमें हमें सहयोग देंगे ।

इन शब्दों के साथ मैं इस अविश्वास प्रस्ताव के विरोध में और सरकार के पक्ष में अपना मत प्रकट करता हूं और चाहता हूं कि विरोधी सदस्य भी इसको मानें ।

**श्रीमती सुभद्रा जोशी** (बलरामपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, इस वोट आफ नो कानफिडेंस के प्रस्ताव पर बोलते समय यदि मैं देश की स्थिति के ऊपर रोशनी नहीं डालूंगी तो हमारी सरकार के साथ भी अन्याय होगा और अपोजीशन पार्टियों के साथ भी अन्याय होगा ।

पिछले दो महीनों से मुझ को जो यू० पी० का पूर्वी हिस्सा है, जहां आजकल सूखा पड़ रहा है, वहां की स्थिति को बहुत नजदीक से देखने का मौका मिला । सितम्बर में जब वहां की खेती अच्छी तरह लहलहा रही थी और बहुत अच्छी पैदावार वहां हुई थी उस समय गांव के लोगों ने कहा मुझ से कि अगर उनको सात दिन के अन्दर पानी मिल जाये, फिर कहा कि छः दिन के अन्दर पानी मिल जाये, फिर कहा कि चार दिन के अन्दर पानी मिल जाये, फिर कहा कि तीन दिन के अन्दर पानी मिल जाये तो उनकी खेती बच सकती है । मैंने गांव गांव में जा कर देखा तो मेरा सिर शर्म से झुक गया । मैं जहां खड़ी हुई थी वहां खेत में ट्यूबवेल लगे हुए थे, चाहे वह सरकारी थे या प्राइवेट थे, उन में से एक भी ट्यूबवेल काम नहीं कर रहा था । मैंने टेलीफोन खटखटाया, मैंने अधिकारियों के

और मंत्रियों के दरवाजे खटखटाये, पर मेरे देखते देखते वह खेत सूखते चले गये और लोगों को पानी मिलने की नौबत नहीं आई। एक भी ट्यूबवेल वहां नहीं चला ।

इसी तरह से दूसरी चीज मैं अर्ज करना चाहती हूं । उन सब चीजों का यहां पर बहुत जिक्र हुआ । लालेसनेस की बहुत सी बातें यहां हुईं । जब मैं इसी तरह से खेत में खड़ी इन्तजार कर रही थी कि कोई ट्यूबवेल आता है या नहीं, तब वहां पर एक मजमा चला आया। गांव के उन लोगों के हाथों में लाठियां थीं, उनके हाथों में बन्दूकें थीं, उन के हाथों में फरसे थे, उन के हाथ में तमाम किस्म के हथियार थे। मैं ने उनसे मजाक में पूछा कि आप कहां जा रहे हैं, कहीं हमला करके आये हैं या कहीं हमला करने जा रहे हैं। तो वह बोले कि वह मेरे दर्शन करने के लिये आये हैं। मैं ने कहा कि दर्शन करने इस तरह से आये हो । तो बोले कि आपकी सरकार में हमें जिन्दगी का खतरा है, हम हमेशा इसी तरह से घूमते हैं । उन्होंने कहा कि हम स्टेशन पर जा रहे थे एक गांव के आदमी को छोड़ने के लिये लेकिन हथियार देख कर पुलिस ने हमें लौटा दिया । मैंने पूछा कि तुम्हारे साथी का क्या हुआ जिस को छोड़ने जा रहे थे । तो बोले कि उसको पुलिस थाने पहुंचा दिया गया । जिस वक्त मैं उन से खड़ी बात कर रही थी उस वक्त जीप खेत के बाहर से गुजरी । उस में भी हथियार रखे हुए थे । मैं ने उन लोगों से पूछा कि क्या वह आपकी जीप है । उन्होंने कहा नहीं, जो हमारे दुश्मन हैं उन की जीप है। मैंने उनके पूछा कि इस तरह से तुम हथियार लिये हुए क्यों घूमते हो और वह हथियार लिये हुए क्यों घूमते हैं तो जो मजमा खड़ा था उस ने अपने अपने किस्से बयान करने शुरू किये । एक ने कहा कि जो जीप के अन्दर जा रहा था उसने मेरा हाथ तोड़ दिया, दूसरे ने कहा कि उसने मेरी पसली तोड़ दी, तीसरे ने कहा कि उसने मेरी लड़की उठा ली और चौथे ने कहा कि उसने हमारे पड़ोसी को मार दिया । विकिटम आदमियों का जो गिरोह था वह बलरामपुर के गांव में हथियार लिये-लिये घूम रहा था। मैं ने बलरामपुर के उस गांव का इस लिये जिक्र किया कि मैं उस को एक नमूना महसूस करती हूं । मैं इस लिये उसका जिक्र नहीं कर रही हूं कि मेरा उससे खास सम्बन्ध है, पर मैं समझती हूं कि हिन्दुस्तान में इस प्रकार के हजारों गांव होंगे जहां के छोटे छोटे किसानों ने सिंचाई की है लेकिन जिस के 100 बीघे जमीन है वह 50 बीघे वाले की जमीन छीन लेता है, जिस के पचास बीघे जमीन है वह दस बीघे वाले की जमीन छीन लेता है और गरीब आदमी घूमते फिरते हैं । वह अदालतों के चक्कर लगाते रहते हैं लेकिन कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कर पाते हैं । यह एक नमूना मैं ने आपके सामने पेश किया ।

साथ ही साथ विद्यार्थियों की भी कुछ बात यहां पेश करना चाहती हूं । पांच वर्ष पहले वहां चुनाव हुआ । उस वक्त एक कालेज के विद्यार्थी कांग्रेस की तरफ हो गये और एक कालेज के विद्यार्थी दूसरी पार्टी की तरफ हो गये जो कि मुखालिफ पार्टी थी । जो कालेज था वहां से विद्यार्थी निकाल दिये गये, प्रोफेसर्स निकाल दिये गये, ला क्लासिस का पढ़ाना बन्द कर दिया, उसकी ईंट से ईंट बजा दी गई । यह सब इस वास्ते हुआ कि राजनीतिक विक्टिमाइजेशन वहां हुआ । न विद्यार्थियों की किसी ने सुनी, न टीचर्ज की सुनी, न प्रोफेसर्स की सुनी । उन लोगों ने जिनका वह कालेज था इस तरह से तबाही मचाई कि आज वहां पर कोई आवाज उठाने वाला नहीं रह गया है । किसी ने उनकी नहीं सुनी । वाइस चांसलर के पास वे गये, चांसलर के पास वे गए, मिनिस्टर के पास वे गए, लेकिन कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हुई, उन के साथ किस तरह से अन्याय किया गया, है, इसकी तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया । यह मैं आपको विरोधी दल वालों की कारगुजारी बता रही हूं जो कि आज

[श्रीमती सुभद्रा जोशी]

हमारे विरुद्ध अविश्वास का प्रस्ताव लाया है।

आज उनकी तरफ से यह कहा जाता है कि इस सरकार को हट जाना चाहिये, यहां पर देश में ला-लेसनेस है, देश में भुखमरी है, यहां पर सूखा पड गया है, यहां पर विद्यार्थियों की शिकायतें सुनी नहीं जाती हैं, यहां पर गोली चलाई जाती है। उपाध्यक्ष महोदय, अगर यही कारण हैं जिनकी बिना पर सरकार को चले जाना चाहिये तो मैं कहूंगी कि सब से पहले अपोजीशन वालों का अपने पदों से हट कर चले जाना चाहिये। जिस जगह का मैं जिक्र कर कर रही हूं वहां पांच असेम्बली की सीट्स हैं जिन में से चार सीटें जनसंघ के पास हैं। यह बलरामपुर की बात मैं आपको बता रही हूं। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या किसी अपोजीशन के आदमी ने वहां जाकर देखा है कि कहां सूखा पड़ा है, क्या किसी अपोजीशन के आदमी ने जाकर देखा है कि वहां किसानों की जमीनें छीनी जाती हैं, लोग वहां पर जमा होकर तलवारें और बन्दूकें लेकर घूमते हैं। जनसंघ के एक म्यूनिसिपल कमिश्नर हैं जिसकी शिकायत है कि हमारा हाथ तोड़ दिया है, किसी ने कहा है कि मेरी पसली तोड़ दी है, किसी ने कहा कि जमीन छीन ली है, किसी ने कहा कि लड़की उठा ली है। आज वहां के लोगों की जुर्रत नहीं है कि कोई जा कर पुलिस में उसकी रिपोर्ट लिखा सके। इतना आतंक उसका है।

आज विरोधी दल वाले हमारी नुक्ताचीनी करते हैं। क्या नुक्ताचीनी करना ही उनका कर्त्तव्य है? उनको देखना चाहिये कि उन्होंने कौन सा रोल प्ले किया है जब कोई संकट देश के सामने उपस्थित हुआ है। लोग पूछते हैं कि अगर कांग्रेस चली गई तो कौन सी पार्टी कांग्रेस का स्थान ले सकती है, कौन सी जमात है जो इस सरकार को हटा कर सरकार बना सकती है? मुझे तो कोई दिखाई नहीं देती है और न जनता को दिखाई देती है। मैं आपको उस जमात की बात बता रही हूं, उस जमात का हाल बता रही हूं जिस जमात के माननीय सदस्य ने यह प्रस्ताव पेश किया है। और भी इस जमात के बारे में आप से निवेदन करना चाहती हूं। जब चीन ने हम पर हमला किया तो हमारे अपोजीशन के भाइयों ने बहुत से विदेशी मामले भी उठाये थे और बहुत से देश के अन्दर के मामले भी बताये थे। विदेश की बातों का मैं जिक्र नहीं करना चाहती हूं क्योंकि अन्दर के अपने प्राब्लैम् ही बहुत हैं। जब चीन ने हम पर हमला किया तो इस पार्टी के लोगों ने, जनसंघ के लोगों ने डिफेन्स में कौन सा हिस्सा लिया? यहां आकर इन्होंने कहा कि हम सरकार के हाथ मजबूत करना चाहते हैं लेकिन दिल्ली की सड़कों पर, हिन्दुस्तान के कोने कोने में जाकर इन्होंने भाषण दिये और कहा कि सिपाहियों, तुम जो फ्रंट पर जा रहे हो, तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है। इन्होंने कहा कि फौजियों के पास कपड़ा नहीं है, उनके पास जूते नहीं हैं, उनके पास बन्दूकें नहीं है। जिस वक्त हमारे देश के नौजवान अगर उनका वश चलता तो खाली हाथों से चीनियों का मुकाबला करके उनको खदेड़ देते, जिस वक्त उनके अन्दर कुर्बानी का जजबा था, इस जमात ने उनको डिमारेलाइज करने की कोशिश की। जिस वक्त रिक्रूटिंग आफिसिस के सामने हजारों आदमियों की भरती होने के लिए भीड़ लगी रहती थी उस वक्त इस जमात ने दिल्ली के अन्दर रामलीला मैदान में, गांधी ग्राउंड में, एल० आई० सी ग्राउंड में और हिन्दुस्तान के कोने कोने में कहा कि वहां जो फ्रंट पर लड़ाई करने के लिए जाते हैं, उनके पास तमंचा नहीं हैं, उनके पैरों में जूते नहीं हैं, पहनने के लिए उनको कमीज नहीं दी जाती है, बरफ में उनको भेजा जा रहा है लेकिन बरफ से बचाव का उनके पास कोई सामान नहीं है यह है वह तरीका जो कि इन्होंने सिपाहियों की हिम्मत बढ़ाने के लिए अपनाया।

जब सरकार ने कहा कि उसको सोना चाहिये तो इन्होंने कहा कि सोना मत दो, इस सरकार का कोई भरोसा नहीं हैं, इस सरकार पर भरोसा मत करो। इन्होंने फौजियों से कहा कि क्यों मरने जाते हो, तुम्हारा मिनिस्टर चीन से मिल गया है। हर तरह से इन्होंने डिमारेलाइजेशन का वतावरण पैदा करने की, कोशिश की। यह इनका एक बड़ा भारी कांट्रीब्यूशन था देश की मुसीबत के समय में। इस के बाद पाकिस्तान का हमला हुआ। तब इन्हों ने जो नफरत फैलाई, माइनोरिटीज के खिलाफ जहर उगला उस को मैं आप को बतलाना चाहती हूं। इन के आर० एस० एस० के लोगों द्वारा यह कहा जाता था कि काश्मीर के मुसलमान तो हिन्दुस्तान के साथ हैं लेकिन बाड़ा हिन्दू राव के मुसलमान साथ नहीं हैं, दिल्ली के मुसलमान साथ नहीं हैं, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मैसूर, हैदराबाद के मुसलमान साथ नहीं हैं। मुझे याद है वह दिन जब काश्मीर के अन्दर इनफिल्ट्रेटर्ज आए थे और पाकिस्तान ने उन को यह कह कर भेजा था कि जाओ, काश्मीर के मुसलमान तुम को छाती से लगा लेंगे, वहां जा कर कब्जा कर लो। उस वक्त हमारे प्रकाशवीर जी काश्मीर गए और वापिस आ कर उन्हों ने एक लम्बा चौड़ा भाषण दे डाला। अपने बयान में उन्हों ने कहा कि काश्मीर के सारे मुसलमान पाकिस्तान के साथ हैं। यह कौन सा देश प्रेम उन्हों ने दिखलाया? कौन से देश प्रेम का सबूत दिया उन्हों ने यह कह कर। फौरन ही हिन्दुस्तान की जनता ने, हिन्दुस्तान के अव्वाम ने समझ लिया कि इस वक्त हिन्दुस्तान के अन्दर माइनोरिटी मौजारिटी का सवाल नहीं है और यह सवाल नहीं उठाना चाहिए, हिन्दू और मुसलमान का सवाल नहीं उठाना चाहिये और अगर यह सवाल उठाया गया तो इस से देश कमजोर होगा और उन्हों ने इस किस्म की बात को सुनने से इन्कार कर दिया। यह सब मैं इस वास्ते बता रही हूं कि जिन्हों ने इस प्रस्ताव को यहां रखा है उन का क्या रोल रहा है।

एक और बात मैं आपको बतलाना चाहती हूं। जब देश का पार्टिशन हुआ, देश के दो टुकड़े हुए तब वैस्ट पाकिस्तान से तमाम हिन्दू भाई आ गए लेकिन हिन्दुस्तान से तमाम मुसलमान पाकिस्तान नहीं चले गए उन्होंने हमारे हैं नेताओं पर, गांधी जी पर, नेहरू जी पर विश्वास किया और करोड़ों की तादाद में वे यहां रह गए। लेकिन इस प्रासेस में आप देखें कि देश का बटवारा नहीं हुआ बल्कि फैमिलीज का बटवारा हो गया। दुर्भाग्य से अगर बाप यहां रह गया तो बच्चा पाकिस्तान में चला गया, एक भाई यहां रह गया तो दूसरा भाई पाकिस्तान में चला गया बहने किसी की यहां रह गई तो उनके भाई पाकिस्तान चले जाए, बहने वहां तो भाई यहां रह गए। इस तरह से फैमिलीज का बटवारा हो गया। फौज में हमारी माइनोरिटी के लोग भी थे, मुसलमान भी थे और इतिहास गवाह है कि उन्होंने रावलपिंडी पर जा कर बम फेंके, सियालकोट पर जा कर बम फेंके, पेशावर पर जा कर बम फेंके। उन्होंने यह नहीं सोचा कि बम मेरे बाप पर गिरता है, यह नहीं सोचा कि भाई पर गिरता है, यह नहीं सोचा कि मेरे बच्चों पर गिरता है। हिन्दुस्तान की माइनोरिटीज ने यह सबूत दिया कि उनके बच्चों से ज्यादा प्यारा उनको भारत है, उनके रिश्तेदारों से ज्यादा प्यारा उनको यह देश है। इस सब चीज को देख कर जन संघ को अपना रवैया बदलना पड़ा। उस समय नफरत की बात वे नहीं कह सके। थोड़े दिन वे चुप रहे। उसके बाद क्विस्परिंग कम्पेन चला। ऊंची ऊंची जगहों पर मुस्लिम लीडर थे, माइनोरिटी के लोग थे उनके खिलाफ इन्होंने कम्पेन चलाया। जिस वक्त हम कह रहे थे कि हिन्दुस्तान में हिन्दू और मुसलमान सब एक हैं तब इस जमात के लोगों ने जानबुझ कर कहानियां फैलाई, किस्से फैलाये, कभी कहा कि उपराष्ट्रपति जेल में है और कभी कुछ और। उपराष्ट्रपति का जब रामलीला ग्रांउड में भाषण हुआ तो

[श्रीमती सुभद्रा जोशी]

इन्होंने कहा कि जेल से इनको जबर्दस्ती बुला कर लाया गया है । जब युद्ध खत्म हो गया, पाकिस्तान से लड़ाई खत्म हो गई तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गुरुजी ने लखनऊ में जा कर भाषण दिया जिस में उन्होंने कहा कि सरकार जो बहादुरी के लिए एवार्ड दे रही है वह कम्यूनल बेसिस पर दे रही है । उस वक्त अबदुल हमीद को एवार्ड मिला था । उन्होंने कहा कि मुसलमानों की खुशामद करने के लिए ये एवार्ड उनको दिये जा रहे हैं, नहीं तो उन्होंने कोई सेवा हिन्दुस्तान की नहीं की है । यह रवैया है जो इनका माइनोरिटी के प्रति रहा है । ये बदअमनी फैलाते हैं, ऊधम मचाते हैं ।

आजकल इन्होंने एक और नारा दे रखा है कि गाय की रक्षा होनी चाहिये । मैं चाहती हूं कि इस सदन के सदस्य और से इस बात को सुनें, दुनिया इस बात को समझे । एक समय था कि जब अंग्रेज हिन्दुस्तान पर राज्य करता था, तो हिन्दुस्तान के बड़े-बड़े पूंजीपति उस अंग्रेज को, जो सिर्फ गौ-हत्या ही नहीं करवाता था, बल्कि जो गाय को खाता भी था, लाखों और करोड़ों रुपया चन्दे में देते थे और उस की सरकार को यहां पर मजबूत बनाने में मदद देते थे । हमारे देश में जब आजादी नहीं थी, तो किस ने गौ-रक्षा का नारा लगाया था ? गांधी जी ने कहा कि हम को गाय का दूध और घी इस्तेमाल करना चाहिये और हम को उस की सेवा करनी चाहिये, क्योंकि हिन्दुस्तान एक कृषि-प्रधान देश है, इस लिए नहीं कि गाय का सम्बन्ध किसी एक धर्म से है, बल्कि इस लिए कि हिन्दुस्तान के गरीब लोगों को दूध और घी मुयसर हो ।

जब आजादी आई, तो इन पूंजीपतियों ने अपनी सरमायादारी और अपनी जहनियत को छिपाने के लिए गौ-रक्षा का नारा लगाया मैं नमूने के तौर पर सिर्फ एक ही नाम लेना चाहती हूं । आजादी आने के बाद सब से पहले-गौ-रक्षा के लिए एक गौ-रक्षा संघ या गौ रक्षा समिति पता नहीं, उस का क्या नाम था बनाई सेठ डालमिया जी महाराज ने, जिन की डालमियावाड़ी में, जहां मुझे एक हड़ताल के सम्बन्ध में जाने का मौका मिला, मजदूर दो रुपये रोज पर काम करते थे । आजादी के बाद अपनी सरमायादारी और चोर-बाजारी को बचाने के लिए, जिस को हिन्दुस्तान के बच्चे-बच्चे ने अब देख लिया है, वह गौ-रक्षा के लिए एक संस्था बना कर एक धर्मात्मा साधू के वेश में दुनिया के सामने आकर खड़े हो गए ।

मैं साफ कहना चाहती हूं कि जहां तक मेरा ताल्लुक है, लोग आज भी मेरे बारे में कहते हैं कि पढ़-लिख कर भी इस में पुराने विचार रह गए है, यह एम० ए० पास कर के भी गंवार की गंवार ही रह गई है, यह न तो मांस और अंडे खाती है और न केक पेस्टी खाती है । जब मैं मुनि सुशीलकुमार जैसे जैनी महात्मा को गौ-रक्षा के आन्दोलन और उस के जलूस के आगे देखती हूं, तो मुझे ख्याल आता है कि जो दूसरे जानवर मारे जाते हैं, उन के बारे में आवाज क्यों नहीं उठाई जाती जानवरों से प्रेम करने वाले की हैसियत से मैं यह बात कह रही हूं ।

एक दिन मैं ने एक मुहल्ले में देखा कि एक आदमी अपने एक हाथ में बकरे का कटा हुआ सिर ले जा रहा है और दूसरे हाथ एक जिन्दा बकरे को खींचता हुआ ले जा रहा है । वह बकरा चलता नहीं था । उसके पैर आगे नहीं उठते थे । महीनों और बरसों तक मुझे वह नजारा नहीं भूला उस को मैं ने देखा, दुनिया ने देखा, वह बाजार में से हो कर निकला, लेकिन उस निष्ठुरता और क्रूरता के दृश्य के खिलाफ किसी ने अपनी आवाज नहीं उठाई ।

मैं लखनऊ और दिल्ली वगैरह के स्टेशनों पर पिंजरों में बन्द बन्दरों को देखती हूं । हो सकता है कि उन की कुर्बानी से इन्सा-

नियत की सेवा होती हो, परन्तु जितने दिन वे जिन्दा रहते हैं, हम उन को किस हालत में रखते हैं? न उन के लिए खाना होता है और न पानी । वे पिंजरों में बन्द पड़े रहते हैं । लोग उनको टौज करते हैं और वे चिल्लाते हैं । उन में से आधे तो मर जाते हैं । लेकिन किसी जैनी का हृदय द्रवित नहीं होता है, किसी की इन्सानियत पुकार नहीं करती है ।

यही बात मैं गाय के लिए कहना चाहती हूं । हमारे यहां गाय मुसलमान भी पालता है और हिन्दू भी पालता है । मैं मुसलमानों की बात नहीं करती हूं । जब हम लोग गाय को पालते हैं, जो गाय को पूज्य समझते हैं, जो गाय को मां कहते हैं, तो हम उस की क्या सेवा करते हैं ? जितना दूध वह देती है, उस को हम पी लेते हैं और उस को कुछ खिला देते है, या ज्यादातर वह सड़कों पर घूम कर अपना पेट भर लेती है । जब वह गाय दूध देना बन्द कर देती है, तो देहात के लोग उस को कहीं चरने के लिए भेज देते हैं और शहर के लोग उस को बेच देते हैं ।

मैं चाहती हूं कि सरकार गोवध को भी रोके, बकरे के बध को भी रोके और चिड़िया और बन्दर के वध को भी रोके । मैं तो सब जानवरों के वध को रोकने के पक्ष में हूं । आज सिर्फ यही काफी नहीं है कि सरकार यह कानून बना दे कि गाय नहीं मारी जायेगी सरकार को यह कानून बनाना चाहिये कि जो आदमी गाय को पालेगा, वह जब दूध नहीं देगी, तो भी वह उस को घर में रख कर उस की परवरिश करेगा । जब हम गाय को छोड़ देते हैं, तो वह किसी लालाजी की दुकान पर मुंह डालती है या किसी किसान के खेत में घुस जाती है और वह चाहे कितना ही बड़ा तिलकधारी हो, वह लाठी ले कर उस को मारने दौड़ता है ।

जो साधू गौ-रक्षा के नाम पर जलूस निकालते हैं, मैं रोज देखती हूं कि उन के हाथ और पैर भी हैं और वे बोलना भी जानते हैं और गाली देना भी जानते हैं । लेकिन गाय न कारखाना खोल सकती है, न नौकरी कर सकती है, न प्रार्थना कर सकती है, न भीख मांग सकती है । गाय तो तभी जिन्दा रहेगी, जब आप और हम उस को खिलायेंगे । वह कोई काम नहीं कर सकती अगर उस को पालने वाला उस को खिलायेगा नहीं, तो वह कहां से खायेगी ? या उस को सरकार खिलाये और या पालने वाला खिलाये ।

अगर सरकार यह कानून बना दे कि जिस की गाय दूध देना बन्द कर देगी, वह उस गाय की भी रखेगा और दूध के लिए दूसरी गाय पालेगा, जब वह दूसरी गाय भी दूध देना बन्द कर देगी, तो वह उस को भी रखेगा और दूध के लिए तीसरी गाय भी पालेगा और इसी तरह तीसरी गाय का दूध सूखने पर दूध के लिए चौथी गाय भी पालेगा, तो हिन्दुस्तान की जनता कहेगी कि यह सरकार बेवकूफ है । वह कहेगी कि हमारे बच्चों को तो दो वक्त खाना नहीं मिलता है, वे बिना इलाज मर जाते हैं, हमारे लोग फुटपाथ पर सर्दी से सिकुड़ कर मर जाते हैं, लेकिन यह सरकार कहती है कि गाय दूध दे या न दे ,उस को घर में रख कर पालो । हिन्दुस्तान की सरकार को भी सोचना चाहिये कि आज हिन्दुस्तान में करोड़ों लोग बिना अनाज, बिना पानी और बिना इलाज के मर जाते हैं ।

मैं गौ-रक्षा का नारा लगाने वालों से भी यह अपील करना चाहती हूं कि हिन्दुस्तान में लाखों साधुओं को खिलाने के बजाय, जो खेती कर सकते हैं, जो नौकरी कर सकते हैं जो हाथ-पैर चला सकते हैं, जो मजदूरी कर सकते हैं, जो डैम बना सकते हैं, और तालाब और कुएं खोद सकते हैं, वे लाखों रुपये उड़ीसा की उन हजारों गायों के चारे पर खर्च किये जायें, जो वहां बिना चारे के भूख से मरने वाली हैं । मैं आपोजिशन से बहुत अदब के साथ अर्ज करना चाहती हूं कि जो

[श्रीमती सुभद्रा जोशी]

लाखों और करोड़ों रुपये आज इस काम पर लगाए जा रहे हैं, अगर वे गौशाला वगैरह खोल कर गौ-रक्षा के लिए खर्च किये जाये तो फिर कौन गौ-हत्या करने के लिये जायेगा। लेकिन अगर गौ-रक्षा का नारा लगाने वाले हिन्दुस्तान के सरमायदार और धनी आदमी गौ-रक्षा करने के लिए गोशाला नहीं खोलते हैं और उस के बजाये सिर्फ एक कानून बना कर रख दिया जाता है, तो मुझे खतरा यह दिखाई देता है कि गाय को वह मारने लगेगा, जो आज गाय को माता कहता है, जो उस की पूजा करता है। हम इन बातों को बहुत अच्छी तरह से सोचें।

हमारे यहां विद्यार्थियों का एजीटेशन चल रहा है। एक दिन श्री बागड़ी बोले, "स्पीकर साहब, चूंकि आप के लड़के पर गोली नहीं चली, इस लिए आप इस सवाल को नहीं उठाने देते।" कल श्रीमती रेणु चक्रवर्ती बोली, "चूंकि आपके लड़के वहां पर मौजूद नहीं थे, इस लिए आप को एहसास नहीं हैं।" मुझे भी यही शिकायत है कि अगर आपोजिशन वालों के लड़के उस में होते, तो वह लड़कों से पूछते। जब हम आज अपोजिशन वालों से पूछते हैं, इनकी क्या मांगें हैं, कहते हैं कुछ पता नहीं। जब हम कहते हैं कि इनको कौन भेज रहा है तो सोशलिस्ट पार्टी, कम्यूनिस्ट पार्टी, जनसंघ पार्टी, स्वतंत्र पार्टी तमाम पार्टीज कहती हैं इनके पीछे हम नहीं हैं। अगर यह उन के पीछे नहीं हैं, अगर कांग्रेस उन के पीछे नहीं है, अगर इन अपोजिशन पार्टीज को पता नहीं कि इन बच्चों के पीछे कौन है तो इनको आवाज उठानी चाहिए कि हिन्दुस्तान के बच्चे, तुम्हारे साथ हम नहीं, तुम्हारे साथ यह जमातें नहीं, तुम्हारे साथ कांग्रेस नहीं, जो तुमको ले जाने वाले हैं उन को कोई जानता नहीं, तुम जो कर रहे हो उसके साथ कोई नहीं। कौन तुमको यह करने के लिए तैयार करता है? पूछना चाहिए था, रोकना चाहिए था, संभालना चाहिए था। सिर्फ शिकायतें दूर करने की बात नहीं है। कोई उनको रोकता नहीं है। किस्सा इस बात का है कि जो मरने वाले मर गए, उसकी कब्र और चिता से फायदा उठा कर हम लोग वोट लें। मैं इसलिए कहती हूं कि कम्यूनिस्ट पार्टी ने कहा कि हम उसके साथ नहीं हैं और यह मैं जानती हूं उपाध्यक्ष महोदय, दूर की बात नहीं करना चाहती, दिल्ली की बात मैं जानती हूं, कम्यूनिस्ट पार्टी का उसमें हाथ नहीं है। किसका हाथ है? हम अन्दाजा लगा सकते हैं पर मैं यह जानती हूं कि उन का हाथ नहीं है।

**एक माननीय सदस्य** : और जगहों पर तो उनका हाथ।

**श्रीमती सुभद्रा जोशी** : यह कहते हैं कि नहीं है। जब इन का हाथ नहीं है तो बसों को जलाना, रेलों का उखाड़ना, सामान को लूटना, यह कौन सा कायदा है? उपाध्यक्ष महोदय, मैं नहीं जिक्र करना चाहती उस सम्पति का जिसका सर्वनाश होता है। जब मैं बलरामपुर जाती हूं तो लोग कहते हैं कि यहां अस्पताल खोल दो, हमारी औरतों को पचास-पचास और सौ सौ मील जाना पड़ता है। अस्पताल नहीं, सड़क नहीं, स्कूल नहीं। एक-एक सड़क, एक-एक अस्पताल, एक एक स्कूल के लिए मांग की जाती है, उन की तरफ तवज्जह नहीं और जो सड़कों पर मार्च करके सम्पति का नाश करते हैं, उनकी आवाज उठाई गई। और फिर किसकी आवाज उठायी जाती है? मैं कम्यूनिस्ट पार्टी से पूछना चाहती हूं कि बसों के कन्डक्टर मजदूर नहीं हैं, जो बसें चलाते हैं, वह मजदूर नहीं है, जो पुलिस के कर्मचारी हैं वह मजदूर नहीं हैं? पुलिस का यूनियन बने तो उसकी आवाज उठायी जायेगी और जिस वक्त पुलिस वालों को पत्थर मारे जायगे तो उनकी आवाज नहीं

उठायी जायेगी । क्या वह गरीब नहीं हैं ? क्या उन के बच्चे नहीं हैं ? क्या हमेशा वही कसूर पर होते हैं । यह किसी ने आवाज उठायी ? एक तरफ मजदूरों की हमदर्दी दिखाते हैं और एक तरफ एक मजदूर वर्ग पर दूसरे मजदूर वर्ग से हमला करवाते हैं । मुझे यह देखकर इस बात का रंज है कि इन चीजों का क्यों इन को ख्याल नहीं आता ? और फिर क्या कहते हैं कि हम लोग हट जायें, हम लोग स्वयं हट जायें और यह लोग हमारी जगह आ जायें ।

आखिर में मैं एक चीज सरकार से निवेदन करना चाहती हूं । मैं ने कुछ एनार्की का जिक्र किया, ट्यूबवेल्स का जिक्र किया, सूखे का जिक्र किया, विद्यार्थियों की मांगों का जिक्र किया । आज दिल्ली की बात हमारे आप के सामने है। दिल्ली के इंजीनियरिंग कालेज की बात, ला कालेज की बात, सरकार ने बहुत तहकीकात की तो मालूम हुआ कि मांगें सही हैं । मैं सरकार से यह पूछना चाहती हूं कि यह मांग साल भर पहले क्यों नहीं पूरी की ? मैं अदब से निवेदन करना चाहती हूं कि आप लड़कों पर गोली चला लीजिए, लाठी चला लीजिए, जो भी करना चाहें कर लीजिए, पर मैं आप से निवेदन करूंगी कि उन अफसरों को, उन सेक्रेटरीज को, अंडर सेक्रेटरीज को, उन को जिन्होंने उनकी बातों को सामने आने नहीं दिया और समय पर उन को पूरा नहीं किया उन को पहले डिसमिस करना चाहिए, उनके खिलाफ ऐक्शन लेना चाहिए ।

एक बात का, उपाध्यक्ष महोदय, बहुत जिक्र हुआ स्टील प्लांट का । मैं प्रधान मंत्री से बिलकुल ऐग्री करती हूं, किसी प्रेशर के अंडर हम को कुछ नहीं करना चाहिए । पर मैं बहुत अदब से अर्ज करना चाहती हूं कि आप वहां स्टील प्लांट लगायें चाहे न लगायें और चाहे गोली चलायें न चाहे चलायें पर अगर कोई चीफ मिनिस्टर या कोई मिनिस्टर या कोई एक्समिनिस्टर का जरा भी इशारा या हाथ इसमें है तो पहले उसको हटाना चाहिए और कार्यवाही बाद में करनी चाहिए ।

**Shri Humayun Kabir** (Basirhat): Mr. Deputy-Speaker, it is with sadness and after a great deal of hesitation that I have decided to speak on this no-confidence motion this afternoon.

It is not easy for me to speak against the Government when I have been a member of the Congress Party for many years and have also shared in the responsibilities of office. I also admit that the policies which have led the country to its present pass are policies in framing some of which I also had a share. Nevertheless, I feel it necessary to speak because the pass to which the country has been brought is one where everyone must offer his analysis, try to find out why the present situation has been reached and chalk out remedial measures.

My hon. friend who spoke just now deserves, I think, the congratulations of the House because she has put many things with a force and vividness which everyone will admire. But probably she did not realise that in a sense her speech was itself one of the strongest condemnations of the Government and one that any member of the Opposition could emulate. She spoke of utter lack of law and order. She referred to Balrampur, how people go about flouting authority, how people go about creating a reign of terror. That is precisely the situation we are facing today. I am speaking today because the country, after 19 years of freedom and 15 years of planning, has reached a stage when in almost every sphere, on every front, we have reached almost the nadir of our fortunes.

I shall refer first to the food problem. I will not go into details because in the last session when there was a food debate, I placed my views at some length before the House and made

[Shri Humayun Kabir]

certain suggestions. But I cannot help saying that it is a very sad commentary on our planning and a sad reflection on the Central Government itself as well as the State Governments that after 15 years of planning and centralised control, which seeks to control almost every aspect of national life, millions are even today denied food and drinking water, their essential needs are not met.

We have also a situation where our dependence on imports from abroad for the very sustenance of our life is increasing from year to year. If I remember aright, during the First Five Year Plan, the average import per year varied between 1 and 2 million tons of grain. The situation today after the Third Five Year Plan is that we have had in the last few years to import 5, 6, 7 and 8 million tons, and today the prospect, the threat, is that unless we are given about 10 million tons for the coming year, millions of people may face starvation and death.

This is certainly a sad state of affairs and this in itself entitles people to question whether the policies which have been followed till now have been on correct lines. I think there should be a searching of heart, and unless there is a searching of heart, we cannot get out of the difficulties into which we have brought this country today.

I will give only one example of the way in which the problem of food has been bungled. I do not blame the present Food Minister. He alone is not responsible but he also has some share in it. Even before, for the last 15 years, we have not been able to settle even the figure of agricultural production in this country.

**16 hrs.**

[SHRI SHAM LAL SARAF *in the Chair*]

The agricultural statistics are completely unreliable. According to the National Sample Survey there is one figure of the total production of foodgrains in the country; according to the figures collected by the Food and Agriculture Ministry there is a completely different figure. Sometimes the difference between the two has been as much as 50 per cent, but the normal variation has been 20 per cent. Today we know that the figures which were given by the National Sample Survey in 1950 were much nearer the mark than the figures collected by the Food and Agriculture Ministry. If the figures of the National Sample Survey were correct, the deficits which have been thrown at us again and again would have proved illusory in many cases. I really do not know how to explain the situation.

I would give you the example of my own State of West Bengal. In the last few months we were told again and again that there is acute shortage of foodgrains. All kinds of cordons were introduced, levies were introduced. People could not take food from one village to another. You know that wherever there is a checkpost, there is a door open to corruption, and the whole of Bengal, the economic life of Bengal, was corrupted because of this multiplication of checkposts and cordons which separated district from district, police station from police station, even village from village, and we were told there were no foodgrains. A few weeks ago these cordons have been removed, the checkposts have been abolished, and immediately there is adequate supply of foodgrains in the State and prices have come down. This should have been a difficult period because the new harvest has not come in; it will be coming in very soon but it has not come in yet. The fact that as soon as the cordons and the checkposts were removed there was a general fall of prices suggests that there was something very wrong indeed in the food policy which was pursued. I have referred to the agricultural statistics. If our agricultural statistics had been accurate, if we could depend upon

them, we might have avoided the shame and the disaster of devaluation which today threatens to overwhelm the entire country. This is one front on which the failure of the Government has not brought the country into a sorry pass.

I next turn to the problem of security. I am not referring to external dangers. We know that we have unfriendly neighbours, neighbours who are hostile and who will threaten our integrity whenever they get an opportunity, but I am more concerned with the situation inside the country. Law and order has almost vanished from large areas of the country. If you can get in the city of Delhi itself incidents like the one which was reported a few days ago, that from a house when husband and wife were together sitting in their home, the wife, was carried away, if an incident like that can happen in the city of Delhi itself you can imagine to what straits this country has been brought. I know my hon. friend the Home Minister is an extremely earnest and honest person and he has done his best. I also remember that on one occasion he said that he had doubled the police.....

**The Minister of Home Affairs (Shri Nanda):** May I interrupt him and just say that in this case the kidnapping culprits have been caught and are being dealt with?

**Shri Humayun Kabir:** It is some consolation to know that the culprits have been arrested, but far more serious is the fact that an incident like this could take place in the capital city of India.

My hon. friend said the other day in another place that he was taking strong measures and the police froce was being doubled. It has been doubled; actually I think it has been quadrupled since the beginning of independence, but that is not a support for the Government, that is not in praise of the Government; it is, in fact, a condemnation of the Government. If the police force has to be continually increased, and I hope my hon. friend Mr. Mathur will not take me amiss if I refer to a remark of his when he heard that the police had been doubled,—his immediate retort was that doubling the police was not perhaps enough; perhaps we must have one policeman for every citizen and then and then alone security would return to this country—if that is the kind of mentality which the Government has even today that we can maintain law and order only by continually increasing the police force, I think the Government are going on a wrong line. No Government in the world, however strong it may be, even if it be a naked dictatorship, can survive for long unless it rules by authority, by prestige; it is not by repression that any Government can continue in power for very long, and the expansion of the police force is a symbol of using repression, of using naked power, whereas Government must, in fact use the instrument of prestige, the instrument of authority.

In a country like ours where we have had throughout an authoritarian society we have a structure of society where power has been maintained mainly on account of two elements, partly fear because of the exercise of power and partly respect. Respect because persons exercising the power had a moral authority to give the necessary lead to the people of the country. Unfortunately today it seems that both these are disappearing. Fear has largely disappeared. For that I am not sorry; it is good that in an independent country fear shall not be a major force in maintaining law and order. But simultaneously respect for authority has disappeared. That is where I think the gravest danger to the country lies.

These incidents of breakdown of law and order have affected our national life at many points. There have been many complaints from minorities—linguistic, religious and others. In many cases there have been incidents of lawlessness where unruly elements in

[Shri Humayun Kabir]

the community have taken the law into their hands and the Government has not been able to tackle them. We have today this gigantic phenomenon of what is called the student disorder and it is also called youth unrest. It is true that there is this world phenomenon; youth are revolting against conventional standards of society. Many of the old ideas have been discarded by them but new ideals have not been built up to replace them. It is a phenomenon which exists all over the world. But this state of affairs has a special risk in a country like India precisely because of the reason I mentioned earlier. Ours has for centuries been an authoritarian society. In other societies even if this revolt of the youth takes place, there are agencies in society to interfere and act as checks to a certain extent; in many of the western democratic societies there are certain inbuilt resistances and safeguards which prevent society from going to utter ruin. In a society like ours if the respect and fear for authority—I should say respect more than fear—is once shaken we are faced with a serious crisis.

I think it is here that the Government should search their hearts. Why is it that there is this kind of lawlessness everywhere in India today? What ever be the cause, at the slightest provocation there is a kind of outburst which is completely out of all proportion to the original cause due to which the incident or trouble started. There seems to be no correspondence at all between cause and effect. There is a general sense of unrest, general sense of disturbance, general sense of malaise. You talk to any one in any part of the country; no one seems to be happy. The other day a friend of mine who is a Congress Chief Minister in a State approached a certain businessman for election funds. That businessman himself told me this story. He said: Sir, since you have asked for some funds, I will certainly give you, but I will ask you only one question. In any country, wherever there is a Government, they have some supporters; in some cases it is the rich class which supports the Government; in other cases it is probably the middle-class which give their unstinted support to the Government; in yet other cases, it is the poor who stand behind the Government and give it sustenance and support; why is it that in your case neither the rich nor the middle-class nor the poor are behind you; why it is that even though you exercise such power you cannot face a public meeting now though in the past you have been one of the most popular men in the State? Of course there was no answer; there could be no answer to this question. This is where I think the highest leadership in the country inside the Congress and in the Government have to ask themselves the question: why is there the breakdown of authority? why is it that there is no moral prestige in Government? I think the answer will be: because there has been a fall from standards. There has been condonation of corruption on a scale which is almost unprecedented in the history of this country.

**Shri C. K. Bhattacharyya** (Raiganj): What business took the hon. ex-Minister to this so-called businessman?

